


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 19 मई 2024 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-051 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 20 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पेड़ से टकराई बाइक तीन युवकों की मौत

**रायगढ़, 19 मई.** लैलूंगा थाना क्षेत्र से बड़ी घटना निकल कर सामने आ रही है। जहां पेड़ से तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के टकराने से मोटरसाइकिल सवार 3 लोगो की मौके पर मौत हो गई है । जानकारी अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम सुबरा निवासी युवक मध्य रात्रि अपनी बाईक से शादी में शामिल होने गेरुपानी के निकले थे । रास्ते मे ग्राम कर्राहन के पास पुलिया के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण बाइक सवार 3 युवकों की मौके पर मौत हो गई है मृतकों के नाम खुलेश्वर पैंकरा , विजय भोय , लक्ष्मण चौहान सभी की उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी सुबरा बताया जा रहा है । डायल 112 ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा पहुंचाया जा रहा है, वहीं लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंच कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है ।

### लापता युवक की लाश सूने मकान में फंदे पर लटकी मिली

**बिलासपुर, 19 मई.** सरकंडा क्षेत्र के चिल्हाटी में एक सूने मकान में युवक की फांसी पर लटकी लाश मिली है. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. मृतक की पहचान तालापारा निवासी मोहम्मद असद के रूप में हुई है. मामले की शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के तालापारा भारत चौक में रहने वाला मोहम्मद अरसद तीन दिन पहले घर से निकला था. इसके बाद वो घर नहीं आया. जिसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे. इधर सरकंडा के चिल्हाटी स्थित सूने मकान में युवक की फांसी पर लटकी लाश मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान कराई. सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अरशद की पहचान की. मामले में पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि युवक का एक युवती से प्रेम प्रसंग था. फिलहाल पुलिस मामले की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की बात कह रही है.

### 16 लाख की राशन गड़बड़ी का हुआ खुलासा

**कवर्धा, 19 मई ।** राशन घोटाले की जांच में शिकायत सही पाए जाने पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उषा श्रीवास सहित 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. शासकीय उचित मूल्य के संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर सोसायटी संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है. सहसपुर लोहारा क्षेत्र में संचालित शासकीय राशन दुकान के हितग्राहियों ने दुकान से 500 लोगों को राशन दिया था, लेकिन सेल्समैन मनहरण श्रीवास ने बीते दो माह से महज 200 लोगों को ही राशन दिया है, शेष 300 लोगों को राशन देने में आनाकानी कर रहा है. जबकि सेल्समैन पहले से ही उनका फिंगर प्रिंट ले चुका है, उसके बाद भी उन्हें सरकार से मिलने वाला 35 किलो चावल नहीं दिया जा रहा है.हितग्राहियों की शिकायत पर खाद्य अधिकारी ने जांच टीम गठित की, जिसने पाया कि करीबन 16 लाख रुपए के राशन की गड़बड़ी हुई है. इसके बाद राशन गबन के आरोप में खाद्य विभाग ने राशन दुकान संचालन समिति अध्यक्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उषा श्रीवास के साथ सेल्समैन मनहरण श्रीवास के खिलाफ सहसपुर लोहारा थाना में मामला दर्ज कराया।

### कुएं की सफाई के दौरान दो युवक बेहोश, एक की मौत

**कोरबा, 19 मई.** जिले में बुंदेली गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. गहरे कुंए में सफाई करने उतरे दो युवक अचानक कुएं के अंदर बेहोश हो गए. घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई. वहीं दोनों युवकों का रेस्क्यू किया. इस दौरान बेहोशी की हालत में पानी में डूबने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि दूसरे युवक को कुएं से निकालकर अस्पताल ले जाया गया. जहां उसका उपचार जारी है.







# शालीमार एक्सप्रेस पर गिरा खंभा, कई यात्री घायल

**रायपुर, 19 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

उरकुरा रेलवे स्टेशन के समीप शालीमार एक्सप्रेस पर खंभा गिर गया, जिससे ट्रेन में सवार कई यात्री भी घायल हो गए. घटना की जांच के लिए रेलवे अधिकारियों के साथ जीआरपी और आरपीएफ का अमला पहुंच गया है.जानकारी के अनुसार, कोलकाता से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) जा रही शालीमार एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 18030) के ट्रेन एस 6 सहित पास के दो-तीन एसी कोच पर रायपुर और उरकुरा के बीच बिजली का खंभा गिर गया. इससे कोच को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ यात्रियों को भी चोट आई है.

ट्रेन के रायपुर स्टेशन में पहुंचने पर चोटिल ट्रेन में सवार एक मासूम सहित तीन यात्रियों को अस्पताल भेजा गया. वहीं जांच के लिए रेलवे अधिकारियों के साथ जीआरपी और आरपीएफ की टीम पहुंच गई है. रेल अधिकारी सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार ने बताया कि 3 से 4 यात्रियों की चोट लगी है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है. वहीं कुछ यात्रियों को हल्की चोट लगी है, उन्हें आराम के लिए एसी कोच में भेजा गया है. बताया जाता है कि रेलवे लाइन के नीचे ड्रीलिंग किया जा रहा था. ट्रेन के गुरजते समय ड्रीलर का हेड (रीमर) वापस खींचते समय ऊपर निकलने से कोच रगड़ने लगे.वहीं एसी कोच की खिड़कियों के कांच टूट गए हैं. जानकारी के अनुसार, उरकुरा स्टेशन के समीप रेलवे की अनुमति से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल का स्टाफ रेलवे लाइन के नीचे ड्रीलिंग का काम कर रहा था. शालीमार एक्सप्रेस के मौके से गुजरने के दौरान ड्रीलिंग मशीन का हेड (रीमर) वापस खींचते समय ऊपर आ गया, और शालीमार एक्सप्रेस के कोच बी-4,बी-5,बी-5,बी-6 और एस-2 से रगड़ खाने लगा. इससे एसी कोच के खिड़कियों में लगे कांच टूट गए, वहीं स्लीपर कोच में स्कैच पड़ गया है. ट्रेन के रायपुर स्टेशन में पहुंचने पर तीनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से मेकाहारा भेजा गया. वहीं एक यात्री को आई हल्की चोट का स्टेशन पर ही रेलवे मेडिकल स्टाफ ने प्राथमिक उपचार किया. इस हादसे की वजह से शालीमार एक्सप्रेस करीबन एक घंटे रायपुर स्टेशन में खड़ी रही. घटना 9.57 बजे उरकुरा स्टेशन के पास घटित हुई, जिसके बाद सुबह 10.18 बजे ट्रेन रायपुर स्टेशन पर पहुंची. रेलवे अधिकारियों के साथ मेडिकल स्टॉफ के जांच-पड़ताल और तमाम कार्रवाई में करीबन घंटेभर का समय लगा, जिसके बाद 11.48 बजे ट्रेन को रायपुर से रवाना किया गया. शालीमार एक्सप्रेस के हादसे के बाद आरपीएफ भी अपनी ओर से मुस्तैद नजर आई. ट्रेन के रायपुर से छूटने के बाद भिलाई में यात्रियों का हाल-चाल जानने के लिए आरपीएफ की टीम भी कोच में पहुंची.

## अनंतनाग में आतंकवादियों ने टूरिस्ट कपल को मारी गोली, शोपियां में भाजपा नेता की हत्या

**श्रीनगर, 19 मई.** देश में जारी लोकसभा चुनाव के बीच जम्मू-कश्मीर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग और शोपियां में आतंकी हमला हुआ है। आतंकवादियों ने अनंतनाग में टूरिस्ट कपल को गोली मार दी। वहीं शोपियां में भाजपा नेता एजाज अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी है। दोनों ही घटनाओं की जानकारी कश्मीर जोन पुलिस ने अपने सोशल एकाउंट एक्स पर दी है। वहीं इन आतंकी हमलों की स्थानीय नेताओं ने निंदा की है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षा बलों की टीम इलाके में पहुंची। गोलीबारी के बाद इलाके की घेराबंदी की गई है। पहला हमला आतंकियों ने पहलगाम में एक टूरिस्ट कैंप को निशाना बनाकर किया। हमले में जयपुर के एक कपल फरहा और तबरेज को गोली लगी है। दोनों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक, दोनों पति-पत्नी को गंभीर हालत में अस्पताल में एडमिट कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं दूसरा हमला दक्षिण कश्मीर के शोपियां के हीरपोरा इलाके में बीजेपी नेता और पूर्व सरपंच एजाज अहमद पर हुआ। फायरिंग में बीजेपी नेता एजाज अहमद बुरी तरह घायल हो गए थे। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में एडमिट कराया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। कश्मीर जोन पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर हमले को लेकर एक पोस्ट किया। इसमें लिखा कि आतंकवादियों ने अनंतनाग के यन्नार में जयपुर (राजस्थान) की रहने वाली महिला फराह और उनके पति तबरेज पर गोलीबारी की है। इसमें वे घायल हो गये हैं। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

आतंकी हमले की घटना पर पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने निंदा की है। सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पोस्ट में कहा, ÷हम आज पहलगाम में हुए हमले की निंदा करते हैं, जिसमें दो पर्यटक घायल हो गए और इसके बाद शोपियां के हीरपोरा में एक सरपंच पर हमला हुआ। इन हमलों का समय चिंता का विषय है, जहां दक्षिण कश्मीर में बिना किसी कारण के चुनाव में देरी किया गया। यह चिंता की बात इसलिए भी है क्योंकि विशेष रूप से भारत सरकार लगातार यहां सामान्य स्थिति के दावे कर रही है। एक के बाद एक हमले ऐसे वक्त किया गया जब अनंतनाग-राजौरी सीट पर संसदीय चुनाव के लिए पार्टियां प्रचार में जुटी हुई थी। आपको बता दें कि बारामूला में आम चुनाव के पांचवें दौर में 20 मई को लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और बीजेपी सहित जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दलों ने आतंकी हमलों की निंदा की।

### कांग्रेस और जेएमएम को विकास का क, ख, ग, घ... भी नहीं मालूम

## परिवारवादी लोग संसदीय सीटों का वसीयतनामा लिख रहे हैं : नरेन्द्र मोदी

**रांची, 19 मई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड के जमशेदपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस और जेएमएम वालों को विकास का क, ख, ग, घ... भी नहीं मालूम है। इनका तरीका है- झूठ बोलो, जोर से बोलो, बार-बार बोलो, इधर भी बोलो-उधर भी बोलो... इनके मुद्दे हैं- गरीब की संपत्ति का एक्स-रे करेंगे, उसे छीनेंगे, SC-ST-OBC का आरक्षण छीनेंगे, मोदी जी को रोज नई-नई गालियां देंगे। इससे आगे ये सोच ही नहीं सकते हैं।'



पीएम मोदी ने आगे कहा, 'सामान्य मानवी को गरीब रखकर कांग्रेस और जेएमएम ने अपने घरों में काली कमाई का अंबार लगा रखा है। कांग्रेस और जेएमएम जैसी पार्टियों ने हमारे झारखंड को हर मौके पर लूटा है। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है।' उन्होंने जनता को अपनी गारंटियां याद दिलाते हुए कहा, 'जेएमएम ने झारखंड में जमीन घोटाला किया। इन्होंने गरीब आदिवासियों की जमीनें हड़पीं, सेना की जमीनें हड़पीं। इनके घरों से जो नोटों के पहाड़ बरामद हुए हैं, वे पैसे आपके हैं। मोदी इन बेईमानों के ठिकानों से पैसा बरामद करवा रहा है। मैं इन पैसों को सरकार की तिजोरी में ले जाने के लिए बरामद नहीं कर रहा हूं। मैं रास्ता खोज रहा हूं, ये सारे पैसे जिनके हैं, मैं उन गरीबों को इसे लौटाऊंगा। ये मोदी की गारंटी है।' कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी उद्यम करने वालों को देश का दुश्मन मानती है। उसके नेता खुलेआम कहते हैं, जो कारोबारी हमें पैसा नहीं देते, हम उन पर हमला करते हैं। यानी कांग्रेस और जेएमएम जैसे दलों को देश के उद्योगों से मतलब नहीं है।' उन्होंने आगे कहा, 'उनके (कांग्रेस के) शहजादे आए दिन उद्योगों, उद्योगपतियों और निवेश का विरोध करते हैं। आने वाले दिनों में कौन उद्योगपति उनके राज्य मे जाकर पूंजी निवेश करेगा? उन राज्यों के नौजवानों का क्या होगा?' पीएम मोदी ने कहा, 'कांग्रेस जैसे दलों ने कभी आपकी परवाह नहीं की। इन लोगों ने 60 साल तक 'गरीबी हटाओ' का झूठा नारा दिया। ये मोदी है, जिसने 25 करोड़ गरीबों को गरीबी से बाहर निकाला।' उन्होंने राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर तंज कस्ते हुए कहा, 'कांग्रेस के शहजादे वायनाड से भागकर चुनाव लड़ने रायबरेली गए हैं। वे सबको कहते घूम रहे हैं कि ये मेरी मम्मी की सीट है।

## केजरीवाल प्रदर्शन स्थल से वापस लौटे

### स्वाति मालीवाल पिटाईकांड की जांच के लिए सीएम आवास पहुंची दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली, 19मई.** आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की दिल्ली के सीएम हाउस में हुई कथित पिटाई ने सियासत में उबाल ला दिया है। दिल्ली पुलिस ने स्वाति मालीवाल की शिकायत पर एफआईआर



दर्ज कर अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। बिभव की गिरफ्तारी से केजरीवाल तिलमिला गए हैं। केजरीवाल ने कल को आप नेताओं के साथ रविवार दोपहर में भाजपा मुख्यालय कूच करने का ऐलान कर माहौल को और गर्म कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा रविवार को घोषित विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय पर सुरक्षा बढ़ा दी है। दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर भाजपा कार्यालय के बाहर आप के विरोध प्रदर्शन की योजना को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने भी एक एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है और इलाके की नाकेबंदी कर दी गई है। पुलिस ने विरोध प्रदर्शन कर रहे कई आप कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया है। आप सांसद स्वाति मालीवाल से कथित मारपीट मामले में एडिशनल डीसीपी अंजिता चेप्याला, एसएचओ सिविल लाइंस समेत दिल्ली पुलिस की एक टीम दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंची। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में कल अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को गिरफ्तार किया था।

## अब सीआईएसएफ के हाथों में संसद भवन की सुरक्षा

**नई दिल्ली, 19 मई.** संसद की सुरक्षा के लिए समर्पित पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप (पीडीजी) को तैनात करने, इसकी योजना बनाने और उन्हें प्रशिक्षित करने में लगभग 13 साल लग गए। लेकिन 10 साल के बाद ही इसे भंग कर दिया। 2013 से संसद भवन की सुरक्षा कर रहे लगभग 1,400 जवानों की ड्यूटी का शुक्रवार को आखिरी दिन था। अब संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों के मजबूत कंधों पर है। 2023 में संसद भवन की सुरक्षा में हुई चूक के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक (डीजी) अनीश दयाल सिंह और अन्य सुरक्षा विशेषज्ञों के नेतृत्व में संसद में सुरक्षा चूक की जांच की गई, जिसमें संसद भवन की सुरक्षा के पुनर्गठन की सिफारिश की गई थी।

एक अधिकारी ने कहा, हम बहुत लंबे समय से संसद भवन की सुरक्षा कर रहे हैं। पांच महीनों के भीतर, सब कुछ बदतर हो गया और जवानों को अपने ड्यूटी को छोड़ने और नए कार्यों की तलाश करने के लिए कहा गया।

## 70 वर्षों से झूठ बोलने की बीमारी आसानी से नहीं जाएगी

**विष्णुदेव साय का प्रियंका गांधी पर हमला**

**रायपुर, 19 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के पीडीएस सिस्टम में चावल वितरण पर प्रियंका गांधी दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने जमकर पलटवार किया है. प्रियंका गांधी ने अपने एक इंटरव्यू में कहा कि छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी तो 35 किलो राशन दिया जाता था और अब केवल पांच किलो दिया जाता है. जिसपर सीएम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल ङ्ग पर लिखा है कि कांग्रेस की 70 सालों से झूठ बोलने की बीमारी है, इतनी आसानी से तो जाएगी नहीं.



प्रियंका जी, झूठ फैलाने से फुरसत मिल जाए तो आपकी कांग्रेस सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में किए गए 5000 करोड़ के चावल घोटाले पर भी दो शब्द कह दें.आपकी अज्ञानता का फ़ायदा उठाकर हर बार छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता आप लोगों को बुद्धू बना देते हैं. पिछली बार कांग्रेसियों ने राहुल जी को कह दिया था कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के हर जिले में फूड पार्क बना दिया है, उस झूठ का जवाब छत्तीसगढ़ की जनता ने आपकी पार्टी को रसातल में पहुंचा कर दे दिया. और इस बार राशन के मामले में फिर आपकी पार्टी ने आपको बेवकूफ बना दिया। थोड़ा पढ़ लिख लिया कीजिए कोई बयान देने से पहले. थोड़ा होमवर्क कर बयान देंगी तो बार-बार फजीहत नहीं होगी. याद रखिए, कांग्रेस की तरह हमारी सरकार गरीबों के राशन पर डाका नहीं डाल रही है बल्कि और भी अधिक सुगमता से राशन का वितरण यथावत जारी है. यहां उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में पीडीएस के अंतर्गत केंद्र सरकार से मिलने वाले पांच किलो चावल के अतिरिक्त एक सदस्य वाले कार्डधारी को दस किलो, दो सदस्य वाले कार्डधारी को बीस किलो, तीन से पांच सदस्य वाले कार्डधारी को पैतीस किलो, और पांच से अधिक सदस्य वाले कार्डधारी को सात किलो प्रति सदस्य निशुल्क चावल विष्णु सरकार दे रही है.

## जैतखाम काटने का मामला, संदिग्ध हिरासत में

**बलौदाबाजार, 19 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

गिरौदपुरी धाम के महकोनी धाम में जैतखाम काटने और मंदिर में तोड़फोड़ के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बनी पुलिस टीम ने घटना में शामिल संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है और पूछताछ जारी है. आरोपियों का पतासाजी पुलिस तीन दिनों से कर रही थी. शाम तक मामले का खुलासा हो सकता है. इस घटना से सतनाम समाज के लोगों में भारी आक्रोश था. मामले में बढ़ता आक्रोश देखते हुए कलेक्टर और एसपी ने समाज के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की थी. बता दें कि मनखे-मनखे एक समान के मंत्र से समाज को एकता और भाईचारे से जोड़ने वाले सतनाम समाज के प्रवर्तक गुरु बाबा घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में सतनाम समाज के आस्था के केंद्र अमर गुफा में स्थित महकोनी मंदिर परिसर में शुक्रवार को आसामाजिक तत्वों ने जमकर तांडव मचाया. इस घटना से समाज के लोगों में प्रशासन और असामाजिक तत्वों के खिलाफ भरी आक्रोश दिखा. पुलिस ने अज्ञात असामाजिक तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया और मामले में कार्रवाई शुरू की. वहीं मामले में अब पुलिस ने संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है.



## लॉज में महिला से सामूहिक बलात्कार,2 बंदी

**महासमुंद, 19 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

महासमुंद जिले के बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के एक लॉज में महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में महिला की रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तो वहीं एक तीसरा अज्ञात आरोपी फरार बताया जा रहा है। महासमुंद एएसपी प्रतिभा पांडे ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि, बसना थाने में क्षेत्र की एक महिला ने 15 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया की, शहर के गौरिक लॉज में उसके साथ 3 लोगों ने जबरदस्ती कर दुष्कर्म किया है। महिला के रिपोर्ट पर तत्काल पुलिस ने धारा 376(डी) और 506 के तहत मामला दर्ज कर तत्काल 24 घंटे के भीतर 2 आरोपियों को धर दबोचा है। वहीं एक आरोपी फरार है जिसे अज्ञात बताया जा रहा है। घटना के संदर्भ में बसना थाना प्रभारी शशांक पौराणिक ने जानकारी देते हुए बताया कि, पूरा घटनाक्रम 28 दिसंबर 2023 की दोपहर 2 बजे की है। महिला के बयान के अनुसार महिला का पथरी का ईलाज रसोड़ा के अस्पताल में चल रहा था। वारदात के दिन सुबह उसे पथरी का दर्द उठा था। महिला का पति बीमार होने के कारण उसे अस्पताल नहीं ले जा पाया। जिसपर



उसके पति ने अपने गांव के ही मित्र लक्ष्मीधर साहू पिता निरंजन साहू उम्र 40 वर्ष को महिला का अस्पताल से चेकअप कराकर लाने को कहा। जिसपर आरोपी लक्ष्मीधर तैयार हो गया और उसे बाइक से लेकर बसना पहुंचा। अस्पताल में इलाज के बाद पिरदा पेट्रोल पंप के पास गाड़ी खड़ाकर गाड़ी खराब होने की कहानी बनाया और अपने दूसरे आरोपी साथी प्रीतम नायक पिता कोमल नायक उम्र 41 वर्ष को मौके पर बुलाया।मौके पर कार से पहुंचा दूसरे आरोपी ने बसना में कुछ निजी काम की बात कही। जिस पर आरोपी लक्ष्मीधर साहू ने महिला को काम खत्म होने तक लॉज में रूककर इंतजार करने के लिए मना लिया और उसे लॉज लेकर पहुंचा। इस दौरान आरोपी ने अपने नाम से लॉज में कमरा लिया। कुछ देर बाद आरोपी के अन्य साथी भी लॉज पहुंच गए और सभी ने महिला के साथ दबाव बनाते हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपियों ने महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए, घटना की जानकारी किसी को नहीं देने की बात की। जिस पर डरकर महिला लोक-लाज के डर से चुप रह गई। लेकिन एक बार फिर आरोपियों के हौसले इतने बुलंद थे कि, 3 मई को महिला के ऊपर दोबारा मिलने का दबाव बनाने लगे।

जिस पर महिला ने अपनी पूरी आप बीती अपने पति को बताई। महिला के पति ने सामाजिक बैठककर मामले में फिर एफआईआर दर्ज कराने की ठानी और 15 मई को थाना पहुंचकर तीनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज होते ही सबसे पहले पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। और उन्हें न्यायायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

# एक नजर

## रास्ते में लोगों को लूटने वाले गिरफ्तार



**भिलाई 19 मई।** सुपेला थाना क्षेत्र रास्ता रोक कर दबंगई दिखाते हुए लूटपाट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि राम नगर निवासी इंद्रपाल सिंह 4 अक्टूबर 2023 की रात अपने घर जा रहा था स्पर्श अस्पताल सुपेला के पास पहुंचते ही आरोपी पृथ्वी दयाल, शुभम, रोहित राय उर्फ रोहित यादव ने पीड़ित का रास्ता रोका पीड़ित से रुपए का डिमांड करने लगे विरोध करने पर उसके साथ जमकर मारपीट भी किया पीड़ित के गले में पहने सोने के चैन को आरोपियों ने लूट कर फरार हो गए आरोपी को पकड़ने के लिए भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में फरार आरोपी 18 नंबर रोड आजाद मोहल्ला केम्प-1 भिलाई निवासी रोहित राय उर्फ रोहित यादव की खोजबीन शुरु की गई सूचना मिलने पर आरोपी रोहित को सुपेला से पकड़ा गया इस दौरान सुपेला टीआई राजेश मिश्रा, सउनि राजेश सिंह, आरक्षक सूर्य प्रताप सिंह, रवि कुमार का अहम योगदान रहा है।

## सूने मकान में नगदी,सोने की चोरी

**भिलाई 19 मई।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र पदुम नगर भिलाई-तीन के एक सूने मकान में चोरी की घटना हुई है। अज्ञात आरोपित ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर आलमारी में रखे करीब 25 हजार रुपये नकद और सोने की अंगूठी चोरी कर ली घटना की शिकायत पर भिलाई - 3 पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसकी तलाश शुरू की है पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता राजेश कुमार बीते 25 अप्रैल से अपने गृहग्राम गोरखपुर उत्तर प्रदेश गए हुए थे वहां से वे वापस लौटे और शनिवार की सुबह अपने घर पहुंचे वहां जाकर देखा तो सामने के दरवाजे का ताला टूटा था मेन गेट पर लगे सेंटर लाक को भी आरोपित ÷ने मास्टर की से खोला था और सभी कमरों की आलमारी में रखे सामान को बिखेर दिया था एक कमरे की आलमारी में 25 हजार रुपये नकद और एक सोने की अंगूठी थी जिसे आरोपित अपने साथ ले गया घर में सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है लेकिन घटना के पहले आरोपित ने कैमरे की दिशा को भी घुमा दिया था ताकि उसका चेहरा उसमें न दिखे हालांकि दरवाजे के सामने एक और कैमरा लगा था जिसमें आरोपित का चेहरा नजर आया है फुटेज के आधार पर आरोपित की तलाश की जा रही है।

## महिला से छेड़छाड़, आरोपी फरार

**भिलाई 19 मई।** धमधा थाना क्षेत्र घर में महिला को अकेली पाकर छेड़खानी करने वाले को पुलिस पकड़ से बाहर है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 451, 354 के तहत जुर्म दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि लेखराम पटेल ने घर में महिला को अकेली पाकर घुसकर छेड़खानी करने लगा। महिला के चिखने चिल्लने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुड़ गई है पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है।

## डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने किर्गिस्तान में रह रहे छत्तीसगढ़ के छात्रों से बात की



**कवर्धा 19 मई।** उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान में हिंसा के समाचारों के बीच वहां मेडिकल की पढ़ाई करने गए छत्तीसगढ़ के छात्रों से फोन पर बात की। एक छात्र ने खुद को रायपुर का होना बताया। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने छात्रों से उनकी कुशलता जानी और किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर तत्काल संपर्क करने की बात कहते हुए अपना मोबाइल नंबर सेव करने के लिए कहा। उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छात्रों से उनके परिवारजनों का भी फोन नंबर मांगा और अपना नम्बर उन्हें भी देने के लिए कहा, ताकि उनसे भी संपर्क बनाए रखते हुए आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जा सके।

## जिला अस्पताल में आभा एप का शुभारंभ

**भिलाई, 19 मई।** राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़/ शासकीय मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधा संस्थानों में अब मरीजों को ओपीडी पर्ची बनाने के लिए लंबी लाईन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अब आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का आभा मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें और आभा एप के माध्यम से परिजन एवं मरीज रजिस्ट्रेशन करेंगे तथा ओपीडी काउंटर के पास लगे क्यूआर कोड को स्कैन और शेयर कर लंबी कतारों से बचें। ये सुविधा अब दुर्ग जिला अस्पताल में भी उपलब्ध हो गया है। सभी हितग्राहियों से अपेक्षा है कि इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें।

## नगपुरा में पीएचई विभाग ने की पाइप की मरम्मत, पानी सप्लाई जारी

**दुर्ग, 19 मई।** जिले के ग्राम नगपुरा में लोगों को अब पानी की समस्याएं नहीं होगी। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के परिपालन में विगत 17 मई को पीएचई विभाग द्वारा ग्राम नगपुरा में ए.डी.बी. विभाग द्वारा तोड़ी गई पाईप लाईन को दुरूस्त किया गया और ग्राम में पेयजल सप्लाई चालू किया गया है। पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री उत्कर्ष पाण्डे ने बताया कि पिछले एक महीने से ग्राम में पाईप तोड़े जाने के कारण पानी की समस्या हो रही है, परन्तु पीएचई विभाग द्वारा पूरी लाईन का मरम्मत कर दिया गया है। अब गांव वालों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध होगी।

# प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल इनोवेशन के संतुलित उपयोग से होगा सस्टेनेबल डेवलपमेंट: पुनीत चौबे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 19 मई।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा द्वारा विश्व दूरसंचार और सूचना सोसायटी दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के टेलीकॉम विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड छत्तीसगढ़ के सहयोग से 17 मई को इंजीनियर भवन में व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक भिलाई इस्पात संयंत्र ए के चक्रवर्ती थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक, भारत संचार निगम लिमिटेड वी के छबलानी तथा महाप्रबंधक (टेलीकॉम) और भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) प्रकाश उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरम्भ में स्वागत भाषण देते हुए द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भिलाई शाखा के अध्यक्ष पुनीत चौबे ने विश्व दूरसंचार एवं सूचना सोसायटी दिवस के आयोजन के महत्व और इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा दिवस के लिए निर्धारित विषय डिजिटल इनोवेशन के द्वारा सस्टेनेबल डेवलपमेंट के बारे में बताया । चौबे ने कहा कि इस विषय का उद्देश्य, पृथ्वी पर उपस्थित संसाधनों को वर्तमान पीढ़ी एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने की दिशा में सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल इनोवेशन के माध्यम से किस प्रकार संतुलित उपयोग करना है और विषय पर विश्व समुदाय का ध्यान आकृष्ट करना है। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा, हरित परिवहन, कृषि, स्मार्ट सिटी, पर्यावरण निगरानी आदि विषयों में डिजिटल इनोवेशन के द्वारा होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी । मुख्य अतिथि ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल तकनीक के विकास से संस्थाओं की कार्यप्रणाली में गुणात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा किआज से तीस वर्ष पहले जिस किसी कार्य के लिए उत्पादन स्थल पर जाना पड़ता था वह वर्तमान में कार्यालय में डिजिटल माध्यम से सहज रूप से किया जा सकता है। चक्रवर्ती ने बताया की जब उन्होंने सेल में सेवा प्रारंभ की तब उन्हे शॉप फ्लोर पर कठोर परिश्रम और मेहनत से काम करने की सीख दी गई पर आज के युवा अभियंताओं को स्मार्ट वर्किंग करने की सलाह दी जाती है। विशिष्ट अतिथि वी के छबलानी, मुख्य महाप्रबंधक, भारत संचार निगम लिमिटेड ने कहा की उन्होंने अपने 30 वर्ष से अधिक के सेवा काल में संचार माध्यम में आये व्यापक बदलाव को बहुत करीब से देखा है7 बदलाव की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि टेलीग्राफ मोर्स कोड के ज़माने से वाई फाई तक का सफ़र एक सुखद परिवर्तन है जिसने मानव जीवन को सरल और सुगम बनाया है। विशिष्ट अतिथि प्रकाश, महाप्रबंधक टेलिकॉम एवं कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक, इलेक्ट्रिकल बीएसपी ने कहा कि आने वाले समय में भिलाई इस्पात संयंत्र में डिजिटल डिवाइड को घटाने की दिशा में दोनों संस्थाएं और बेहतर सहयोग से कार्य करेंगी। अतिथि वक्ता डा संकल्प राय निरीक्षक दुर्ग पुलिस रेंज साइबर सेल ने अपने प्रस्तुतिकरण में दुर्ग पुलिस रेंज की अभिनव पहल साइबर प्रहरी एप की जानकारी दी। अतिथि वक्ता हरविंदर सिंह केंबो, उप प्रबंधक टेलीकॉम बी एस पी ने अपने प्रस्तुतिकरण के प्रारंभ में सस्टेनेबल डेवलपमेंट के विभिन्न कारकों को समझाया। उन्होंने टेलीकॉम के क्षेत्र उपलब्ध नवीनतम तकनीक जैसे आई ओ टी, क्लाउड कम्प्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉक चैन तकनीक एवं फाइव जी नेटवर्क के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं मानव समुदाय के बेहतरी हेतु उनका उपयोग कैसे हो इस पर चर्चा की। उन्होंने मौसम विज्ञान, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, स्मार्ट सिटी, उपभोक्ता सेवा में इससे मिलने वाले लाभ पर चर्चा की। इस अवसर पर भारत संचार निगम, रायपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक टी के मरकाम, उपमहाप्रबंधक दुर्ग क्षेत्र संजय दानी, भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक छाबड़ा, महाप्रबंधक एच आर सिरमौर, संस्था के पूर्व अध्यक्ष पी के तिवारी, बी पी यादव, कैलाश मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य अजय साहू, वी के श्रीवास्तव, संजीव सोनी, निशांत यादव, डा नागेंद्र त्रिपाठी, डा सुप्रिया त्रिपाठी, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भिलाई शाखा के सदस्यगण, भिलाई इस्पात संयंत्र तथा बी एस एन एल के अधिकारी, बी आई टी दुर्ग, भारती कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एवम शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्य के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सिद्धी चौबे ने किया तथा आभार प्रदर्शन मानसेवी सचिव बसंत साहू ने किया।

# 20 दिनों से लापता बच्ची विधायक रिकेश की पहल से मिली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 19 मई।** पिछले 20 दिन से अपनी नाबालिग बच्ची की तलाश में थाना और पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट परेशान पंडरिया विधानसभा के किशुन गढ़ क्षेत्र के रहवासी माता-पिता के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन? का उनके क्षेत्र में दौरा इतना उपयोगी रहा कि ताउम्र विधायक की पहल से मिली राहत उन्हें याद रहेगी। चंद घंटों के भीतर न केवल उनकी बच्ची रायपुर से रिकवर कर उनके हवाले की गई बल्कि बच्ची को झांसा दे ले जाने वालों पर कवर्धा एसपी डाक्टर अभिषेक पल्लव ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। बता दें कि वैशाली नगर क्षेत्र के युवा विधायक रिकेश सेन आज कवर्धा से 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित डोंगरिया में संत शिरोमणी सेन जी महाराज के मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। लगभग दो हजार लोगों की मौजूदगी में किशुन गढ़ में समाज के ही एक दम्पति ने भीड़ के बीच अपने ही समाज के विधायक रिकेश को एक दरख्वास्त दिया। इस दौरान उनकी आंखों में आंसू छलक पड़े थे, उनकी 17 वर्षीया बच्ची किसी के बहकावे और झांसे की वजह से 28 अप्रैल को अचानक गायब हो गई। बच्ची के माता-पिता को इसका अंदेशा था कि उनकी नाबालिग बच्ची को एक युवक और उसके परिजनों ने ही बहला फुसलाकर घर से भगाया है। नतीजतन उन्होंने तत्काल पुलिस को खबर देते हुए संदिग्ध पर संदेह जताते हुए अपनी बच्ची सही सलामत लाने की इल्तिजा की लेकिन पंडरिया थाना के जिम्मेदार पुलिस कर्मी इस मामले में न केवल टालमटोल रवैया अपनाते रहे बल्कि बच्ची के माता-पिता ने आरोपियों को स्थानीय पुलिस वालों के संरक्षण का भी आरोप लगाया। अपने फौरी एक्शन के छवि वाले युवा विधायक रिकेश ने तत्काल कवर्धा एसपी डॉ अभिषेक पल्लव को फोन लगा सारा माजरा उन्हें बताते हुए लापता बच्ची को सुरक्षित परिजनों के हवाले करने और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। एसपी डॉ पल्लव ने पंडरिया थाना को आड़े हाथों लेते हुए न सिर्फ फटकार लगाई बल्कि इस संवेदनशील मसले पर तत्काल टीम गठित कर सायबर युनिट मुखबिरों की मदद से राजधानी रायपुर से चंद घंटों के भीतर बच्ची को रिकवर कर परिजनों के हवाले किया। मामले की अग्रिम कार्रवाई थाना से की जा रही है। किशुनगढ़ के पीड़ित परिवार ने बताया कि वे एक पखवाड़े से मानसिक परेशानी झेल रहे थे। संबंधित थाना की पुलिस का रवैया उन्हें लगातार थाने का चक्कर लगाता रहा। आज विधायक रिकेश ने चंद घंटों के भीतर उनकी पहाड़ सी समस्या को हल करवा बड़ी राहत दी है जिसके लिए उन्होंने विधायक और पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव को साधुवाद दिया है।

# समाचार संक्षेप

## हेमा सिन्हा दसवीं में 91.16प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में तीसरे स्थान पर रहीं



**उतई 19 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतई की छात्रा हेमा सिन्हा जो कि नगर पंचायत उतई के वार्ड क्रमांक 03 में रहती है। उन्होंने ने कक्षा दसवीं में 91.16त्न लेकर अपने विद्यालय तीसरे स्थान पर रही। हेमा ने बताया कि पिता जसवंत सिन्हा मेसन काम करती है वही माँ छोटे से पान ठेला चलती हैं। जिनसे उनका घर चलता है। हेमा रोजाना स्कूल में शिक्षको द्वारा पढ़ाए उसी को पढ़ कर तथा उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के अनुसार ही घर पर रोजना यह मुकाम हासिल किया । हेमा से बात करने बताती की उसे बड़े होकर डॉ. बनने का सपना है। जिससे लोगो की सेवा कर सके उसके लिए उन्होनो आगे की पढ़ाई बायो लेकर पढ़ाने की बात कही और कहा कि में अभी नीट की तैयारी में लग गया हूं। जिससे मेरा नीट के माध्यम चयन हो सके हेमा की उपलब्धि पर उनकी प्राचार्य मेंम चन्द्रकिरण साहू ,कक्षा शिक्षक सरला मंढ़रिया व आप पास के लोगो ने बधाई दिया और सभी लोगो ने उज्वल भविष्य के कामना किया।

## डोनर नहीं मिलने पर मरीज को खून देने डॉ. आदर्श पांडेय आये आगे




**भिलाई, 19 मई।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में आज एक गंभीर मरीज हेमलाल यादव को एबी निगेटिव तीन यूनिट ब्लड की जरूरत थी। दो यूनिट ब्लड चढ़ने के बाद एक यूनिट एबी नेगेटिव ब्लड की जरूरत पड़ी। डोनर नहीं मिलने पर जिला चिकित्सालय दुर्ग के डॉ. आदर्श पांडे ने अपना बहुमूल्य रक्त एबी निगेटिव ब्लड और तिलक भुनेश्वर ने भी एक गंभीर सिकल सेल मरीज को खून की कमी को देखकर एबी पॉजिटिव ब्लड रक्तदान किया गया। इस रक्तदान में ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, रक्त कोष अधिकारी डॉ. नेहा नलवाया और रेडक्रास सोसायटी के प्रबंधकारिणी सदस्य दिलीप ठाकुर, जीवन दीप समिति के सदस्य प्रशांत डोनगांवकर, सतीश चंद्र सुराना, काउंसलर एंथोनी, नर्स श्रीमती तरूणा, लैब इंचार्ज रूपेश, टेक्नीशियन तरन्नुम जहां, दिनेश, कुसुम चंद्राकर, हिमांशु चंद्राकर, माला आदि उपस्थित थे।

## बोड़ेगांव में प्रभावितों का इलाज घर पर ही

**दुर्ग, 19 मई।** जिले के ग्राम बोड़ेगांव (ननकट्ठी) में उल्टी-दस्त की आऊटब्रेक की सूचना होने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 मई 2024 से



नियमित रूप से सक्रिय सर्वेलेंस किया जा रहा है। डॉ. जे.पी. मेश्राम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देशानुसार डॉ. एस.के. मेश्राम, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, दुर्ग, डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्विलेंस अधिकारी, दुर्ग श्रीमती रितीका मसीह, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, श्री राजेन्द्र वर्मा, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, निकुम, श्री संदीप वर्मा, आरएमए, श्री टेमेन्द्र देशमुख एवं सुश्री महेश्वरी बघेल, आर.एच.ओ., सुपरवाईजर व स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित काम्बेट टीम के अन्य सदस्यों द्वारा प्रभावित क्षेत्र में चिकित्सकीय उपचार एवं दवाईयों का वितरण किया जाकर आमजनता को चिकित्सकीय लाभ दिया दिया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम से मिली जानकारी अनुसार 18 मई 2024 को प्रभावित क्षेत्र ग्राम बोड़ेगांव में उल्टी-दस्त के 02 नये मरीज मिले है, जिनमें से 01 पुरूष 01 महिला को डायरिया व दस्त के जो अपने घर में ही चिकित्सकीय उपचार ले रहे है।

01 महिला 42 वर्ष जिनका श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज, जुनवानी में चिकित्सकीय उपचार करा रहे हैं, उनकी स्थिति सामान्य है। 14 मई 2024 से आज दिनांक तक ग्राम बोड़ेगांव में कुल 53 प्रकरण में 01 मरीज अस्पताल में चिकित्सकीय उपचार ले रहे हैं व अन्य 52 मरीजों का घर पर ही चिकित्सकीय उपचार चल रहा है व स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। काम्बेट टीम व मितानिन द्वारा संक्रमित क्षेत्र का सर्वे किया जा चुका है। मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रभावित क्षेत्र में सतत् निगरानी किये जाने निर्देशित किया गया है। 24×7 स्वास्थ्य केन्द्रों में ड्यूटी लगायी गयी है। कुल 110 घरों का भ्रमण किया गया 50 ओ.आर.एस.पैकेट, मैट्रोनिडाजोल के 10 टेब. वितरित किये गये है। ग्राम पंचायत में सरपंच की सहायता से गांव में उल्टी-दस्त होने पर सूचना देने की मूनादी करायी जा रही है।

# ग्राम मचांदुर में 700 से अधिक को मिल रहा है मनहेगा में रोजगार: दिलीप



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 19 मई।** मनरेगा रोजगार गारंटी योजना में पुरुषों से आगे निकलीं महिलाएं,कंधे से कंधा मिलाकर ले रहीं काम केंद्र सरकार की मनरेगा रोजगार महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत ग्राम मचांदुर के लोगों को गांव में ही रोजगार मुहैया कराया जाता है। इसमें 100 दिन का रोजगार देने की गारंटी भी है। इस योजना के तहत गांव के मजदूरों की आजीविका चलती है। साथ ही गांव में विकास कार्यों के साथ-साथ संपत्तियों का सृजन भी होता है।मनरेगा में रोजगार हांसिल करने में महिलाएं अब्बल,पुरुषों को छोड़ा पीछे। ग्राम पंचायत मचांदुर में मनरेगासे विकास कार्य हुआ हैं। जो निम्न हैं।

रमजान तालाब गहरीकरण 10 लाख,धरसा रोड शोभित मंडावी के खेत से कुवरिया के खेत तक 9,98 लाख,कुवरिया के खेत से बंशी के खेत तक 9.82 लाख,बंशी के खेत से शंभू के खेत तक 9.98 लाख,नगाड़ा तालाब गहरीकरण 10 लाख,सूरज कोठारी के खेत से नाला तक रिपेरिंग 3.52 लाख,मुख्य कैनाल से गट्टा तालाब नाली निर्माण कार्य 3.52 लाख,जल संरक्षण एवं तालाब गहरीकरण कार्य गट्टा तालाब 10 लाख, भूमि सुधार कार्य -दुलौरीन निषाद,लालाराम साहू,शत्रुहन साहू,ममता बाई, झाडूराम,धनसाय, सियाराम,कृतलाल साहू,बिसेराम कोठारी,डेरहाराम साहू,दिनेश साहू, के खेत मे भूमि सुधार का कार्य किया गया। सरपंच दिलीप साहू,प्रोग्रामर अधिकारी श्रीमती गौरव मिश्रा,एवं तकनीकी सहायक श्रीमती नीलू चंद्राकर,सचिव धारेन देवांगन, उपसरपंच गजेंद्र साहू के दिशा निर्देश पर कार्य चल रहा हैं। समस्त पंचगण,प्रवीण कुमार यदु,तुकाराम साहू,ललित पटेल,गणपत साहू,मोहन साहू,ताकेश्वर पटेल,वीरेंद्र साहू,सीताराम,कुंती यदु,सीमा देवांगन,पूर्णिमा साहू,फुलेश्वरी देवांगन,मनोरामा साहू,लक्ष्मी ठाकुर,लीलेश्वरी साहू,राधा साहू,संतोषी ठाकुर,परमिला पटेल,बेलेश्वरी कोठारी,प्रमुख रूप से रहें।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में डायरिया मरीजों से मिले



**कवर्धा 19 मई।** कवर्धा वि.सभा के दो गांवों में डायरिया की बीमारी फैली गई।बताया कि एक गांव में कुएं का पानी पीने से यह बीमारी फैली है।वहीं एक अन्य गांव में शादी कार्यक्रम में भोजन खाने से लोगों की तबीयत खराब हुई। सहसपुर लोहारा ब्लॉक अंतर्गत दो गांव में डायरिया फैल गई है।इन दोनों गांव में करीब 100 से अधिक मरीज मिले हैं।कोयलारी गांव के एक बुजुर्ग की बुधवार रात जिला अस्पताल कवर्धा में मौत हो गई।इसी प्रकार दैहानडीह गांव में दो दिन पहले शादी कार्यक्रम में भोजन खाने से सैकड़ों लोगों की तबीयत खराब हुई।जिसका जिला अस्पताल कवर्धा और स/लोहारा अस्पताल,कोयलरी हाई स्कूल में इलाज चल रहा है,जिनसे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दोपहर को मिलने पहुंचे हालचाल जाना और साथ ही उनसे मिलकर स्वस्थ्य के बारे में जानकारी लिया।बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर से बात किया गया। *जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी होरीराम साहू जी ने मांग करते हुए कहा कि ग्राम में डायरिया फैलने का प्रमुख कारण दूषित पानी।तत्काल संज्ञान मे लेकर सक्षम अधिकारी स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर इलाज हो।जो सुविधा मरीजों को होना चाहिए।वह पर्याप्त व्यवस्था किया जाए,ताकि गांव में डायरिया मरीजों की स्थिति में सुधार हो,जल्द ही स्वस्थ हो।* उक्त कार्यक्रम में लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष रामचरण पटेल,नेत्राम जघेल,चोवाराम साहू,गोपाल चंद्रवंशी,शरद बांग्ली,युवा कांग्रेस कवर्धा वि.सभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा,अजय यादव,अंजू पटेल,विक्की लहरे,आशाराम साहू,चंद्रकुमार सिवहरे,लगन साहू,आनंद साहू,धर्मेंद्र साहू सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# सेक्टर-9 हॉस्पिटल के नेत्र रोग विभाग में अत्याधुनिक मशीनों से होगी जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 19 मई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 के नेत्ररोग विभाग में शनिवार को अत्याधुनिक ऑप्टिकल बायोमेट्री, ऑटोमेटेड पेरीमेट्री और फेकोइमल्सीफिकेशन मशीनों का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रवींद्रनाथ एम ने किया। इस अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण डॉ प्रमोद बिनायके, डॉ विनीता द्विवेदी और डॉ कौशलेंद्र ठाकुर तथा एसीएमओ व विभागाध्यक्ष (नेत्ररोग) डॉ जयश्री प्रधान सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक और बड़ी संख्या में पैरा-मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे। ऑप्टिकल बायोमेट्री एक नॉन-इनवेसिव उपकरण है जिसका उपयोग मोतियाबिंद सर्जरी के दौरान प्रत्यारोपण हेतु इंट्राऑकुलर लेंस की क्षमता की गणना करने के लिए किया जाता है, जो रोगियों के लिए ऑप्टिमल विजुअल आउटकम परिणाम सुनिश्चित करता है। ऑटोमेटेड पेरीमेट्री मशीन का उपयोग ग्लूकोमा और अन्य न्यूरोलॉजिकल विकारों के निदान एवं उपचार प्रक्रिया में विजुअल फील्ड परीक्षण के लिए किया जाता है। वहीं उन्नत फेको इमल्सीफिकेशन मशीन, मोतियाबिंद के उपचार हेतु अल्ट्रासोनिक कंपन का उपयोग करती है, जिससे सर्जरी के पश्चात द्रुत रिकवरी के साथ-साथ सर्जिकल परिणामों में भी सुधार होता है। अत्याधुनिक तकनीक से युक्त पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, भिलाई का नेत्र रोग विभाग, ऑप्टिकल बायोमेट्री, ऑटोमेटेड पेरीमेट्री और फेको इमल्सीफिकेशन नवीनतम चिकित्सा उपकरणों के प्रयोग से नेत्र संबंधी विकारों के कुशलता से निदान व समय पर उपचार सुनिश्चित करने में सक्षम होगा। उल्लेखनीय है कि यह सुविधा चिकित्सालय में भिलाई और अन्य क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को बेहतर निदान, सर्जरी और अन्य नेत्र-संबंधी उपचार प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को उन्नत की दिशा में जेएलएन अस्पताल का एक महत्वपूर्ण कदम है।

## माता-पिता से प्राप्त संस्कारों से ही होता है मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण

**पिथौरा, 19 मई।** विधायक और छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व संसदीय सचिव श्री द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि माता-पिता से प्राप्त संस्कारों से ही मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण होता है। महासमुंद जिले के पिथौरा निवासी स्वर्गीय श्रीमती रेवारानी दास और उनके पति स्वर्गीय श्री चन्द्रनाथ दास ने अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दिए, जिनके फलस्वरूप आज उनके बच्चे प्रबुद्ध और जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर सेवाएँ दे रहे हैं। खल्लारी क्षेत्र के विधायक श्री द्वारिकाधीश यादव बीती शाम पिथौरा के अग्रसेन भवन में स्थानीय वरिष्ठ नागरिक स्वर्गीय श्रीमती रेवारानी दास की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वर्गीय श्रीमती रेवारानी दास को श्रद्धांजलि अर्पित हुए उनके शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की । आयोजन में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ के पिथौरा, रायपुर महासमुंद, बागबाहरा, अभनपुर, बरमकेला और सरायपाली सहित सीमावर्ती ओड़िशा राज्य के नागरिकों ने भी दो मिनट का मौन धारण कर स्वर्गीय श्रीमती रेवारानी दास को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एक नजर

### ग्रीन आर्मी ने सौंपा रायपुर कलेक्टर को ज्ञापन



**रायपुर 19 मई।** रायपुर में भूजल स्तर निरंतर गिरते जा रहे है, इस भूजल स्तर को बनाये रखने के लिये ग्रीन आर्मी ब्लूविंग द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है, इसी कड़ी में ग्रीन आर्मी अध्यक्ष श्री गुरदीप सिंह टूटेजा एवं ब्लूविंग अध्यक्ष श्रीमति मोनिका बागरेचा के नेतृत्व में रायपुर कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात कर आवेदन सौंपा गया। इस आवेदन में मुख्य रूप से रायपुर के भूजल स्तर को बनाये रखने तथा सभी भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग, तालाबों की गहरीकरण का उल्लेख किया गया। इस आवेदन का मुख्य उद्देश्य आने वाले समय में जल की भिषण संकट से बचना है। इस अवसर ग्रीन आर्मी संस्था से श्री आर एन शर्मा डॉ भारती श्रीवास्तव एवं हेमंत सिंग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 1828 हुए शामिल



**मोहला 19 मई ।** अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं हेतु संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 18 मई को समय प्रातः 10ः00 बजे से 12ः00 बजे तक किया गया। जिले में कुल 120 सीटों के विरुद्ध 2048 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। कुल दर्ज 2048 विद्यार्थियों में से 1828 विद्यार्थी उपस्थित एवं 220 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। चयन परीक्षा हेतु जिले में कुल आठ परीक्षा केंद्र निर्मित किए गए थे। जिनमें 8 केंद्राध्यक्ष एवं 115 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। परीक्षा परिणाम की संभावित तिथि 5 जून 2024 है। इन विद्यालयों में चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय एवं अध्ययन की सुविधा प्रदान की जाती है। परीक्षा संचालन के दौरान श्री अविनाश ठाकुर, जिला नोडल अधिकारी (परीक्षा) श्री श्रीकांत दुबे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी राज्य स्तर से नियुक्त प्रेक्षकगण एवं संबंधित तहसीलदारों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया गया। वही धमतरी में 917 विद्यार्थी हुए परीक्षा में सम्मिलित हुई। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्थित कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आज परीक्षा आयोजत की गइ, जिसमें 917 विद्यार्थी शामिल हुए। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेनोनाईट हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए 1084 छात्र-छात्राओं से आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 917 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

### सीनियर से दुर्व्यवहार, दो पुलिस कर्मी सस्पेंड

**दुर्ग-रायपुर, 18 मई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पुलिस कर्मियों पर एक के बाद एक निलंबन और लाइन अटैच की कार्रवाई जारी है। एसपी जितेंद्र शुक्ला ने महिला थाने की एक हवलदार और नंदिनी थाने के एक सिपाही को काम में लापरवाही बरतने पर सस्पेंड कर दिया है। वहीं जामुल थाने के दो सिपाहियों को अपने सीनियर से दुर्व्यवहार करने के चलते लाइन भेज दिया है। बीते सप्ताह एसपी शुक्ला ने करीब आधा दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई से पूरे महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक महिला थाने में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक 455 कोमलता सोनी ने प्रार्थी राहुल पांडेय निवासी सेक्टर 05 भिलाई, जिला-दुर्ग को 14.05.2024 को फोन के माध्यम से उनकी पत्नी रूचिका दुबे के साथ चल रहे पारिवारिक विवाद मामले में धमकी दी। मानव अधिकार आयोग की ओर से आवेदक के खिलाफस्रद्बक्रदर्ज किए जाने का भय दिखाकर अपने पद का दुरूपयोग करते हुए संदिग्ध कदाचरण प्रदर्शित किया था, जिसकी शिकायत के बाद एसपी शुक्ला ने प्रधान आरक्षक को सस्पेंड कर दिया है। महिला प्रधान आरक्षक 455 कोमलता सोनी को निलंबन अवधि मे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। नंदनी नगर थाने में पदस्थ आरक्षक कमल नारायण परघनिया को 14.05.2024 को थाना नंदनी नगर के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान थाने में वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त एवं सामान्य लंबित शिकायतों को प्रस्तुत किए जाने के लिए निर्देशित किया गया था।

### अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई-रायपुर, 19 मई।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मछली मार्केट पावर हाऊस भिलाई मे दिनांक 01/09/2022 को हुई अंधे कत्ल के आरोपी पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा थाना छावनी के हत्या के प्रकरण के आरोपी के विरूद्ध स्वय रूचि लेते हुए कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है जिसमे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन सिंह राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरिश पाटिल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छावनी उप निरीक्षक चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में छावनी पुलिस के द्वारा क्षेत्र मे दिनांक 17/05/2024 को मुखबिर सूचना मिली मछली मार्केट पावर हाउस भिलाई मे मृतक मोहम्मद फिरोज के संदेही होने की सूचना पर मछली मार्केट पावर हाउस भिलाई मे मिला नाम व पता पूछने पर अपना नाम शाहजाद खान पिता स्व. यूसूस उम्र 27 वर्ष सा. चिमनीभांठा ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा थाना मानिकपुर जिला कोरबा छ.ग. बताये जिसको हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर बताया।

# यदि मन में प्रसन्नता हो तो सभी समस्याओं का हल निकल जाता है:सुधाकर मुनि

**राजनांदगांव 19 मई।** युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री सुधाकर जी ने आज यहां कहा कि दुनिया में यदि कोई सबसे बड़ा कोई धर्म है तो वह है प्रसन्नता। जीवन में सब कुछ हो किंतु शांति, आनंद, प्रसन्ता नमस्ते ना हो तो सब कुछ बेकार है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में एक समस्या उभर रही है और वह है तनाव। आज भारत जैसे धर्म मय देश में भी तनाव की वजह से आत्महत्या जैसे मामले बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिस्थिति कैसी भी हो कोई फर्क नहीं पड़ता। यदि मन में प्रसन्नता हो तो सभी समस्याओं का हल निकल जाता है। जीवन जीने की कला है प्रसन्नता।



मुनि श्री सुधाकर जी आज सनसिटी में प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आप आठ सूत्रों को याद रखें और प्रसन्न रहे तो जीवन में कभी हताश नहीं होंगे। उन्होंने आठ सूत्रों के बारे में बताते हुए कहा कि 1. अपने में खुश रहे।2. दूसरों की कमियों को नहीं बल्कि दूसरों की खूबियों को देखो।3. जिंदगी में मुस्कुराना सीखो। 4. क्या करें कि सदा खुश रहे। 5. खुश कैसे रहें । 6. खुश रहना है तो खुशियां बांटना सीखें ।7. सकारात्मक सोच और 8. एलएमएल अर्थात लोड मत लीजिए।

मुनि श्री सुधाकर जी ने कहा कि किसी को कुछ मिलता है तो किसी को कुछ-कुछ मिलता है और किसी को बहुत कुछ मिलता है तथा किसी भाग्यशाली को सब कुछ मिलता है किंतु ऐसा भाग्यशाली कोई नहीं हुआ जिसे सब कुछ मिला हो। आप यह नहीं देखे कि आपके पास क्या नहीं है बल्कि आप यह देखें कि आपके पास क्या है। तुलना करने से दुख पैदा होता है, ईर्ष्या पैदा होती है इसलिए तुलना ना करें। दूसरों की कमियों को नहीं बल्कि दूसरों की खूबियों को देखें तो आपके मन में प्रमोद की भावना जन्म लेगी। अगर कर्मियों को देखोगे तो रिश्ते टूटेंगे अगर खूबियों को देखोगे तो रिश्ते जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जिंदगी में मुस्कुराना सीखो। आप किसी से भी मुस्कुराते हुए मिलते हैं तो सामने वाला भी आपसे मुस्कुराकर ही मिलेगा।मुस्कान में बड़ी शक्ति है। हंसते रहिए, मुस्कुराते रहिए। उन्होंने कहा कि जहां जीवन है वहां समस्या है और जहां जीवन नहीं वहां कोई समस्या नहीं।

मुनि श्री सुधाकर जी ने कहा कि अगर चेहरे पर मुस्कान है तो आप गुस्सा कर ही नहीं सकते। इस गुस्से के कारण कितने परिवार टूट रहे हैं। इस गुस्से के कारण न जाने कितनी सफलताएं असफलता में बदल जाती है।

# जियो फाइबर के केबल हर क्षेत्र में लापरवाही से बिछाये जा रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 मई।** शहर में विगत कई महिनों से जियों फाईबर के केबल तार हर क्षेत्र में लापरवाही तरिके से बिछाये जा रहे है, जिसमें प्रथम दृिष्टया देखने पर सहज ही पढ़े-लिखे लोग अंदाजा लगा सकते है कि जियो फाईबर के केबल तार विद्युत खंभों में लगी 11केवी की नंगी तारों को छुते हुए जियो के केबल तार नजर आ रहे है, यहां यह सर्वविदत है कि यदि मुसलाधार बारिश हुई तो जगह-जगह करंट घरों व सड़कों तक पहुंच जायेगी। यहां यह भी उल्लेखनिय है कि जिन घरों में कनैक्शन कट चुके है वहां की तारे सड़कों व खंभों पर लटक रही है। हमारे प्रतिनिधि द्वारा जियो के अम्बेडकर चौक के पास स्थित आफिस जाकर इस बात की शिकायत की गई लेकिन वहा उपस्थित जियो फाईबर कम्पनी से संबंधित कोई राजू मंडल नामक व्यक्ति द्वारा साफ-साफ यह कहकर पल्ला झाड़ते हुए कहा गया कि यह हमारा काम नहीं है इसकी दुसरी टिम होती है लेकिन उन्होंने दुसरी टीम का नाम, नम्बर व कोई पता भी नहीं बताया साथ उन्होंने यह भी



कहा यदि करेंट का डर है तो विद्युत विभाग से कम्पलेन करों। हमारे प्रतिनिधि विद्युत विभाग द्वारा सूचना दी गई तो तत्काल विद्युत विभाग की टीम पनेका चौक में पहुंची व जियो फाईबर के वायरों को 11केवी के नंगे तारो से चिपके देखकर अंचभित हो गये व उन्होंने तत्काल जहां-जहां चिपके वायरों को देखा उन्हें काटकर अलग कर दिया, तत्पश्चात कुछ ही घंटों में जियो फाईबर के कर्मचारी वहा पहुंचे वायर जोडने को जिसे हमारे प्रतिनिधि ने देख कर वायरिंग विद्युत तारों से अलग करने को कहां लेकिन वे लोग गैर जिम्मेदार तरिके से बात करते हुए अपने अधिकारी से बात कराया तब पता चला कि जो राजू मंडल हमारे प्रतिनिधि को यह कहकर अपने आफिस से वापस भेज दिया था कि यह हमारा काम नहीं है पर वायरिंग जोडने वाले कार्मचारियों ने जिससे बात कराया वही जियो फाईबर कम्पनी का ही राजू मंडल था। यहां यह भी उल्लेखनी है यदि शहरवासी व जनप्रतिनधि नेता, पत्रकार व आम जनता जागरूक होकर यदि जियो फाईबर द्वारा बिछाये जा रहे मौत के जाल को देखकर भी नजर अंदाज करते है तो इसका खमियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ेगा।

# कोरे कागज पर मुझसे हस्ताक्षर कराया है, छुरिया पुलिस पर आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 19 मई।** वार्ड नंबर 12 निवासी दीन मोहम्मद पिता स्व.गुल मोहम्मद ने पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर लिखित शिकायत छुरिया पुलिस के लिए किया गया है। जिसमें लिखा है कि अपने परिवार का पालन पोषण करने हेतु छुरिया बंजारी रोड के किनारे जनपद पंचायत के पास छोटा सा पान ठेला लगा कर, जीवन निर्वाह कर रहा हूं। दिनांक 07.05.2024 को लगा 2 बजे के आस पास टी आई और दो पुलिस मेरा पान ठेला आकर जाँच पडताल किया और मुझे थाना अपने साथ ले कर गया जहाँ मुझे लगभग 4 घंटा तक बैठालकर रखा था। 4 घंटा तक बैठने के बाद में, थाना में मुझे बैठाने का कारण पुछने पर मुझ पर सट्टा लिखने का झूठा आरोप लगाया गया। जबकि मैं कभी भी जुआ सट्टा लिखने का कभी अवैधानिक कृत्य नहीं किया हूं। मुझे थाना से छोडने का थाना प्रभारी महोदय से अनुरोध करने पर मुझे छोडने के एवज में राशि की माँग किया गया। मैंने बताया कि जब मैं कोई अपराधिक कृत्य सट्टा नहीं लिखा हूं, तो किस बात का राशि दू । जिसके बाद मेरे ऊपर भड़क गया और मुझ से कुछ कोरा कागज पर डरा धमकाकर कर हस्ताक्षर करा लिया एवं एक कागज पर, पूर्व से लिखा गया लेख को मुझे अपने हाथ से लिखने के लिये मजबूर किया गया। इस प्रकार मेरे विरुद्ध झूठा आरोप लगा कर प्रकरण तैयार किया गया और दैनिक समाचारपत्र नव भारत, दावा पेपर, हरिभूमि में प्रकाशन कराकर मेरा सम्मान को ठेस पहुंचाया गया है। जो जाँच का विषय है। मुझ सीधे सादे शरीफ मेहनत कर जीवन निर्वाह करने वाले के प्रति झूठा केश तैयार कर परेशान किया जा रहा है। जबकि छुरिया के हर चौंक चौराहे पर सट्टा बाजार चल रहा है उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती भी है तो खानापूर्ति कारवाई सिर्फ लिखने वालो पर करें कार्रवाई पुलिस।



# फ्लाई ओव्हर के नीचे से खड़े वाहन, ठेला, खोमचा हटाने की आयुक्त ने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 19 मई।** जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे अनाधिकृत रूप से खडे वाहन एवं अवैध रूप से रखे ठेला खोमचा के कारण गंदगी व्याप्त रहती है, जिसे ध्यान में रखते हुये तथा फ्लाई ओव्हर को व्यवस्थित व साफ सुथरा रखने निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने गाडी मालिकों एवं संबंधित ठेला खोमचा वालों से हटाने अपील की है। उल्लेखनीय है कि शहर के मध्य से गुजरने वाली जी.ई.रोड में फ्लाई ओव्हर का निर्माण किया गया है, जहॉ नगर निगम द्वारा साफ सफाई कर सौदर्यीकरण किया गया था। उक्त फ्लाई ओव्हर के नीचे कुछ लोगों के द्वारा अनाधिकृत रूप से वाहन खड़ी किया गया है, कुछ वाहन महिनों से बेकार रखे हुये है, इसी प्रकार कुछ छोटे व्यवसायियों द्वारा ठेला खोमचा रख दिया गया है, जो लम्बे समय से बंद पड़े है, जिसके कारण फ्लाई ओव्हर के नीचे गंदगी फैल रही है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शहर के मध्य मेन रोड में निर्मित फ्लाई ओव्हर के पास से शहर के बाहर जिले या प्रदेश के लोगों का आना जाना लगा रहता है, फ्लाई ओव्हर में गंदगी एवं अव्यवस्था रहने पर लोगों के बीच शहर के प्रति अच्छी धारणा नही बनती। साथ ही शहर में सुगम यातायात के लिये फ्लाई ओव्हर के नीचे व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण भी किया जाना है। इसके अलावा फ्लाई ओव्हर को साफ सुथरा एवं सुव्यवस्थित कर सुंदर बनाना है, जिसके लिये अव्यवस्थित वाहन, ठेला, खोमचा हटाया जाना है। आयुक्त श्री गुप्ता ने अपील करते हुये कहा है कि जिन लोगों की वाहने फ्लाई ओव्रह के नीचे खडी है और जिनके द्वारा अनाधिकृत रूप से ठेला खोमचा रखा गया है, वे कृपया 3 दिवस के भीतर अपना वाहन व ठेला तथा अन्य रखे अनुपयोगी सामाग्री हटा लेवें, ताकि फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग का निर्माण कर साफ सुथरा तथा व्यवस्थित रखा जा सके।

# स्कूटी चोर को वाहन सहित पकड़ने मे़ पुलिस को मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़/राजनांदगांव 19 मई।** प्रार्थी घनश्याम सिंह दीवान उम्र- 46 साल निवासी गुरूदेव रेसीडेंसी कॉलोनी डोंगरगढ़ जो दिनांक- 16.05.204 को अपने परिवार के साथ महासमुन्द चले गये थे। घर मकान के पोर्च में एक बुलेट एवं एक स्कूटी वाहन खड़ी थी व घर बाहर गेट में ताला लगा हुआ था प्रार्थी घर वापस आकर देखा तो घर मकान के पोर्च में रखे स्कुटी टीव्हीएस जुपीटर क्रमांक- सीजी 08 एआर 7348 किमती- 40000/-रू0 को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्र0- 283/2024 धारा- 454, 380 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये तत्काल निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये सउनि गणेश चौहान, प्र0आर0- अजीत टोप्पो, आरक्षक-चन्द्रकांत सोनी, चन्द्रप्रताप सिंह, प्रयंश सिंह, युगेन्द्र देखमुख, लक्ष्मी कंवर का अलग-अलग टीम बना कर घटना क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपी के पता तलाश में जुट गये जिससे स्कूटी वाहन को चोरी करने वाले आरोपी योवेल शास्त्री पिता पुष्पराज शास्त्री उम्र- 18 साल साकिन खैरागढ़ रोड गैस एजेन्सी के पास वार्ड नंबर- 03 थाना डोंगरगढ़ को स्कुटी वाहन क्र0- सीजी 08 एआर 7348 किमती- 40000/-रू0 सहित पकड़कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। वर्तमान में क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनायें कि रिपोर्ट प्राप्त हो रही है जिस कारण थाना डोंगरगढ़ पुलिस आम लोगों से अपील करती है कि यदि कहीं कोई अनजान व्यक्ति जो संदिग्ध लगता है, घुमते-फिरते दिखता है या कहीं रूके हैं तो उसकी सूचना नजदीकी थाना को अवश्य दें व ऐसे अंजान व्यक्ति जो किसी सामान बेचने या अन्य काम के बहाने घर अन्दर आने का प्रयास करता है तो कोई भी अपने घर अन्दर आने न दे।




### करंट से मौत के बाद बेसहारा परिवार को दिया सहारा

# मिर्जा हबीब बेग ने पेश की इंसानियत की मिसाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया/राजनांदगांव 19 मई ।** शहर के मुस्लिम समाज से बिलॉन्ग करने वाले युवा समाजसेवी मिर्जा हबीब बेग ने मानवता की नए मिसाल पेश की है। उन्होंने साहू हिंदू परिवार से नाता रखने वाले जागेश्वर साहू की करंट लगने से मौत के बाद उनके बेसहारा परिवार को सहारा देते हुए उनका दुःख कम करने की कोशिश की है। दरअसल कौमी एकता समिति के अध्यक्ष और लीगल कमेटी राजनंदगांव के सदर जनाब बेग ने जागेश्वर साहू के बच्चों की कॉलेज तक की पढ़ाई जिसमें स्कूल फीस ड्रेस किताब कॉपी स्टेशनरी आदि सब शामिल है का खर्चा उठाने की जिम्मेदारी ली है। निश्चित तौर से आज के समय में अपने एक बच्चे की पढ़ाई लिखाई के लिए खर्च उठाते मां-बाप और पलकों के पसीने छूट जाते हैं। ऐसी स्थिति में मिर्जा हबीब बाग और उनके संगठन द्वारा इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाना तारीफे काबिल है। सनद रहे की जागेश्वर साहू की पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है। स्वर्गीय श्री साहू के तेहरवीं के दिन मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिकों ने उनके घर चिखली जाकर शोंक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाया और इसी के साथ उन्हें राशन सामग्रियां देने आर्थिक मदद करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली। गौरतलब है कि इससे पहले भी जनाब बेग बहुत सारे ऐसे ही वक्त के मारे बच्चों की पढ़ाई लिखाई की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए उनके मदद कर रहे हैं। निश्चित रूप से ऐसे लोगों की समाज में बहुत अच्छी कद्र होती है। उनका यह कार्य अन्य लोगों के लिए प्रेरक है।



## समाचार संक्षेप

### जिले में द्वितीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कॉलेज व स्कूल के 600 कैडेट्स शामिल हुए



**राजनांदगांव 19 मई।** 38 छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन राजनंदगांव जे एल एम गायत्री विद्यापीठ राजनांदगाव मे द्वितीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है जिसमे राजनांदगाव. चौकी.छुरिया. डोंगरगढ़.लोहरा.खैरागढ़ छुईखदान.कवर्धा.खैरबाना कला. आदि.. जिलों के 5 महाविद्यालय और 5 विद्यालय से लगभग 600 कैडेट्स ने प्रशिक्षण शिविर मे भाग लिया है उक्त कैंप 38 छत्तीसगढ़ एनसीसी बटालियन के लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार कैंप कमांडेड के मार्गदर्शन मे शुरू हुआ कैंप मे दस दिनो तक कैडेट्स को विभिन्न प्रशिक्षणो से रूबरू कराया जाएगा कैंप मे एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट निलेश कुर्रे. सेकंड अफसर रजनीश श्रीवास्तव. पुकेश्वर निषाद. केयरटेकर सनद ठाकुर. मोहन राम साहू. निधि साहू. मोना बर्मन. दीपिका एवं यूनिट के सूबेदार मेजर सतवर्ग सिंह और सभी स्टाफ भाग ले लिया है शिविर को लेकर कैडेटो मे उत्साह दिखाई दे रहा है।

### उत्तम साहू को सेवानिवृत्त विदाई दी



**राजनांदगांव 19 मई।** समीपस्थल ग्राम भोथीपार खुर्द नया पारा में राजाराम कारखाना में उत्तम साहू को सेवानिवृत्त होने पर शाल श्रीफल भेंट कर मजदूर साथियों विदाई किया ईचांज अब्बदुल न ईम शेख योगेश कुमार साहू पीलू साहू मजदूर यूनियन अध्यक्ष योगेन्द्र दास वैष्णव पालक यादव धनेश्वर साहू विष्णु साहू चेतन साहू युवराज पटेल भागवत वर्मा हुकुम रूपेश साहू बिसाबंर साहू सहित मजदूर साथियों विदाई किया तथा उज्वल भविष्य कामना करते हुए परिवार को समय के साथ मजदूर साथियों मुलाकात करने सुक्षाव दिया योगेन्द्र दास वैष्णव ने भविष्य निधि गेजेविटी पेंशन संबंधी कार्य नहीं होने पर तत्काल सुचना देना ताकि आपके आगे जीवन सुखमय जीवनयापन हो सके।

### पुलिस ने किया बंदर के शव का अंतिम संस्कार



**डोंगरगांव 19 मई।** गत दिनांक 18 मई को डोंगरगांव से करीब ग्राम कोनारी मे अज्ञात वाहन की ठोंकर से एक बन्दर की मृत्यु हो गई जिसकी सुचना मिलते ही डायल 112 के कर्मचारियों द्वारा घटना स्थल मे जा कर इंसानियत दिखाते हुए हादसे मे मृत बन्दर को पुरे हिन्दू रीती रीवाज से उसको दफनाया गया इस समस्त घटना क्रम मे आरक्षक कोमल साहू 17, चालक नेमीचंद साहू क्रमांक 566 व चालक रवि निर्मलकर क्रमांक 940 का विशेष योगदान रहा। घटना की सुचना ग्रामीणों द्वारा दिए जाने के तुरंत बाद ही डायल 112 की टीम घटना स्थल मे पहुंच गयी और जिस तरह हिन्दू रीती रीवाज से बन्दर को दफनाया गया उससे ग्रामीणों ने पुलिस विभाग को सहृदय धन्यवाद दिया और पुलिस विभाग की ग्रामीणों ने प्रशंसा की।

### नेशनल स्पर्धा के लिए 28 खिलाड़ी गोवा के लिए रवाना

**राजनांदगांव 19 मई।** गोवा मे दिनाँक 18 मई से 22 मई तक आयोजित टी - 10 ओवर आर्म राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों के 28 खिलाड़ी अपना जौहर दिखाएगें। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए युगान्तर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, सेंट पीटर स्कूल डोंगरगढ़ शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल भोथली, खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ एवं शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बधियाटोला के खिलाडी भाग लेंगे।छत्तीसगढ़ टीम के क्रिकेट एशोसियेशन सेक्रेटरी श्री अशोक मेहरा जी, सहायक बाबूराव जनबंधु कोच संतोष यादव अंडर 19, मैनेजर नवनीत द्विवेदी अंडर - 17, कोच सूरज रामटेके, व मैनेजर बाबूराव जनबंधु आदि सामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी राजकुमार चौधरी ने दी।



# जब गीतांजलि मिश्रा की क्रिकेटर वेंकटेश अय्यर से हुई मुलाकात!

टेलीविजन की चकाचौंध से भरी दुनिया में गीतांजलि मिश्रा ने अपनी अलग पहचान बनाई है। वह एण्डटीवी के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में दबंग दुल्हनिया, राजेश की भूमिका निभा रही हैं। हालांकि यह प्रतिभाशाली अभिनेत्री जब शूटिंग नहीं कर रही होती है, तब अपने शौक को पूरा करने में व्यस्त हो जाती है। वह शौक है क्रिकेट खेलना और देखना! इस खेल के लिये उनका उत्साह पर्दे पर उनकी परफॉर्मेंस जैसा ही दमदार है। चाहे स्टैण्ड से अपनी चहेती टीम का उत्साह बढ़ाना हो, खेलों के बारे में उत्साह से चर्चा करना हो या क्रिकेट के शौकीन अपने दोस्तों के साथ खेलना हो, क्रिकेट के लिये उनके प्यार की कोई सीमा नहीं है। इस जुनून के चलते उन्हें अपने पसंदीदा क्रिकेटरों में से एक, वेंकटेश अय्यर से मुलाकात का खास मौका भी मिला है! क्रिकेट को लेकर अपने प्यार के बारे में बताते हुए, गीतांजलि मिश्रा, ऊर्फ राजेश ने कहा, ''एक्टर होने के नाते मेरी जिन्दगी में अक्सर स्क्रिप्ट, सेट और रिहर्सल होती रहती है, लेकिन इस व्यस्तता के बीच क्रिकेट का जुनून मुझे असीम आनंद देता है। मनोरंजन उद्योग की चमक-दमक के बाहर मुझे क्रिकेट के मैदान पर शांति और नई ऊर्जा मिलती है। क्रिकेट खेलना मेरा सिर्फ शौक नहीं है; वह मुझे बेहद पसंद है और मुझे



सादगी तथा शुद्धता से जोड़ता है। गेंद और बल्ले की टक्कर से पैदा होने वाली आवाज में कुछ जादू जैसा होता है। टीम के खिलाड़ियों की दोस्ती और स्कोर का पीछा करने या बचाव करने का रोमांच शब्दों में नहीं बयां किया जा सकता। चाहे रविवार की आलस से भरी दोपहर में दोस्तों के साथ कैजुअली खेलना हो या कोई ज्यादा व्यवस्थित मैच रखा जाए, मुझे क्रिकेट खेलने से जो खुशी मिलती है, उसका कोई सानी नहीं है। अपने व्यस्त शेड्यूल के बावजूद मैं इसके लिये समय निकाल ही लेती हूँ। यह कसरत या प्रतियोगिता के लिये नहीं है, बल्कि मुझे अपनी पसंद के खेल में खो जाने का जुनून रहता है। क्रिकेट मुझे जमीन से जोड़े रखता है, संतुलन के महत्व की याद दिलाता है और जिन्दगी की छोटी-छोटी खुशियों को मेरी पसंद बनाता है। इसलिये, चाहे मैं कैमरा के सामने रहूं या क्रिकेट का बैट थामूं, एक बात तय रहती है। और वह है इन दोनों के लिये मेरा कभी खत्म न होने वाला जुनून, जो दोनों तरीकों से मुझे संतोष और खुशी देता है।'' गीतांजलि ने यह भी बताया कि क्रिकेट के लिये उनके जुनून ने किस तरह क्रिकेटर वेंकटेश अय्यर से उन्हें मिलाया। वह कहती हैं, ''क्रिकेट मुझे हमेशा चौंकाता है और ऐसे ही एक खुशनुमा सरप्राइजेस में से एक था वेंकटेश अय्यर से मिलना। क्रिकेट में उनकी कुशलताएं मुझे हमेशा से पसंद हैं और मैं वही देख रही थी। पिछले साल मुंबई के एक क्रिकेट लीग ट्रेनिंग कैम्प में हमारा आमना-सामना हुआ था। सबसे अच्छी बात मुझे यह लगी कि हम दोनों को चाय पसंद है। हम दोनों ने किसी फाइव-स्टार रेस्टोरेंट में जाने के बजाए सड़क किनारे एक चाय की टपरी पर जाना पसंद किया। इससे पता चलता है कि वेंकटेश कितने विनम्र और सहज हैं। मुझे उनका व्यवहार बहुत पसंद आया। मुझे हमेशा ऐसे लोग अच्छे लगे हैं, जो सफल होने के बावजूद जमीन पर रहते हैं और वेंकटेश में यह शानदार खूबी है। मुझे वह समय भी याद है जब मैंने धोनी का खेल देखने के लिए पुणे की विशेष यात्रा की थी।

# अटल के साथ चुनौतियों का सिलसिला रहेगा बरकरार

एण्डटीवी के 'अटल ' की आगामी कहानी में ढेर सारा ड्रामा देखने को मिलेगा। इस सप्ताह की कहानी में दर्शक देखेंगे कि अटल (व्योम ठक्कर) खुद को सुशीला बुआ (दीपा सावरगांवकर) और स्कूल प्रिंसिपल की बुनी साजिशों के जाल में फंसा हुआ पाता है। इसके बारे में कृष्णा देवी (नेहा जोशी) ने कहा, ''अटल यह सच बताने के लिये बेताब है कि उसने माफीनामा नहीं लिखा। लेकिन उसे और भी बुरे हालात का सामना करना पड़ता है। स्कूल में हर कोई उसे चिढ़ाते हुए पूछता है कि वह माफीनामा लिखने का अनुभव बताये। स्कूल प्रिंसिपल धमकी देता है कि अगर अटल सभी को अपना अनुभव नहीं बताएगा, तो वह कृष्ण बिहारी वाजपेयी (आशुतोष कुलकर्णी) का वेतन रोक देगा। अटल अपनी कहानी बताने के लिये तैयार हो जाता है। वह सभी से कहता है कि उसके बारे में अपने विचार लिखें और वह जो भी लिखेंगे, उस पर हस्ताक्षर करेगा। ऐसे में सभी को लगता है कि हम सच्चाई से इतर अटल का आकलन करने के लिये आजाद हैं। अटल का यह तरीका और फिर समझाकर कही गई बात हर किसी को पसंद आती है। इस पर सुशीला बुआ



और प्रिंसिपल खीज उठते हैं। तोमर की पत्नी ललिता के साथ स्कूल की घटना पर बात करने के बाद सुशीला बुआ, अटल के विरोध में काम करने की सोचती है। वह चाहती है कि लोग अटल की तारीफ न करें और उसकी गतिविधियों पर ध्यान न दें। उसकी रणनीति के कारण कृष्ण बिहारी और घर के दूसरे लोग उसकी इच्छा के मुताबिक उसे घर में रहने देने के लिये मजबूर हो जाते हैं। फिर भी, सुशीला बुआ एक योजना बनाती है, ताकि कृष्ण बिहारी की तनख्वाह ले सके। वह साबित करती है कि कृष्णा देवी पैसों से उसकी मदद नहीं कर रही हैं और उसके गहने भी ले लिये हैं। बाद में वह गहने अटल की जेब में मिलते हैं। अटल के पिता उसे सजा देते हैं और जब कृष्णा देवी उसे बचाने आती हैं, तब वह कृष्णा देवी का भी विरोध करते हैं। इस घटना से अटल निराश हो जाता है और अपने पिता से कहता है कि वह माँ से माफी मांगें। अटल को माँ समझाती है कि माफी की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि सुशीला बुआ तय करती है कि अटल के खिलाफ कृष्ण बिहारी कठोर फैसला लें। अब कृष्णा देवी कैसे अटल का बचाव करेंगी और उसे कठोर सजा से बचाएंगी? क्या सुशीला बुआ बदला लेने में कामयाब होगी?''

# मोर छंइहा भुईयां 2" सतीश जैन निर्देशित फिल्म का 24 साल बाद धमाका

रायपुर ...छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुप्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक सतीश जैन ने मोर छंइहा भुईया, झन भुलव मां बाप ल मया, हंस झन पगली फंस जाबे और ले शुरू होंगे मया के कहानी जैसी सुपरहिट फिल्मों की अपार सफलता से ये साबित कर दिया हैं, कि प्रादेशिक फिल्में बनाने में उनका कोई जोड़ नहीं है। निर्माता-निर्देशक सतीश जैन 24 साल बाद फिर से नये अंदाज़ में धमाकेदार फ़िल्म "मोर छंड्हा भुईया 2" लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म भी सिनेमाघरों में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है। छत्तीसगढ़ी इंडस्ट्री में जब-जब नाजुक दौर आया है । तब-तब सतीश जैन जी ने छत्तीसगढ़ी फिल्म उद्योग में उम्मीद की किरण जगाई है। 24 साल बाद "मोर छंइहा भुईया 2" के रूप में सतीश जैन फिर से एक नया धमाका करने जा रहे हैं। तकनीकी रूप से यह फिल्म अब तक की सर्वश्रेष्ठ छत्तीसगढ़ी फिल्म है।



निर्देशक-सतीश जैन ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपराओं को गुथकर गांव व शहर के रहन- सहन तथा पुराने और नये जनरेशन की भावनाओं को दिल की गहराइयों में पिरो कर सजाया है। "मोर छंइहा भुईया 2" एक अद्भुत फिल्म है जो मनोरंजन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान व आयाम गढ़ेगी। इस फिल्म में कुल 8 गाने हैं, जो छत्तीसगढ़ी संगीत से लबालब है। फिल्म में मुख्य नायक की भूमिका में मन और दीपक साहू (मोहिनी फेम) ने निभाया है और हीरोइन ऐल्सा घोष व दीक्षा जायसवाल है। पुष्पेंद्र सिंह, नितिन ग्वाला, क्रांति दीक्षित और धर्मेंद्र चौबे ने खलनायक की भूमिका निभाई है।

अन्य कलाकारो में- अनिल शर्मा, प्रीति राजवैद्य, सुरेश गोडाले, मनोज जोशी, अंजली सिंह, सुमित्रा साहु, मनोज वर्मा, प्रदीप शर्मा, शीतल शर्मा, रजनीश झांझी, छोटे लाल साहू, डॉ. अजय सहाय, आलोक मिश्रा, शुभम यादव, जॉनसन अरूण, सलीम खान, सुमित दुआ, सचिन शर्मा, जयराम भगवानी, राजेन्द्र कपूर, नकुल महलवार। इस फिल्म के निर्माता निर्देशक सतीश जैन, सह-निर्माता- ललित सिन्हा, सौरभ अग्रवाल, शैलेन्द्र सिन्हा, छायांकन सिद्धार्थ सिंह संगीत सुनील सोनी, बाबला बागची. कार्यकारी निर्माता आलेख चौधरी, गीत- स्व. लक्ष्मण मस्तुरिया, सतीश जैन, गिरवर दास मानिकपुरी, एसोसिएट डायरेक्टर - सलीम अंसारी, मुख्य सह-निर्देशक- भूपेन्द्र चंदनिया, लाईन प्रोडयूसर सुनील साहू, प्रो. कन्ट्रोलर- हेमंत चंदनिया, खिलेश्वर साहू, संपादन-तुलेन्द्र पटेल, कोरियोग्रॉफर चन्दन दीप, दीपक साहू, ऑडियोग्रॉफी- प्रबोध रंजन साहु, मेकअप गोरा, ग्राफिक्स प्रवीर दास, एक्शन-कुन्ड्राथुर एस. बाबू, ड्रेस अशोक गौर, कॉस्टयूम डिजाईन - सरिता जैन, रुनझुन जैन, रिकॉर्डिस्ट नूतन सिन्हा. स्वर-सुनील सोनी, नितिन दुबे, अनुपमा मिश्रा, कंचन जोशी, श्रद्धा मंडल, कहानी पटकथा संवाद सतीश जैन, म्यूजिक अरेन्जर-

# गर्मी के मौसम में क्या खाना पसंद करते हैं सितारे

गर्मी का मौसम चरम पर है और सूरज मानों आग बरसा रहा है। ऐसे में स्वादिष्ट और ठंडी चीज़ें खाने के लिये मन का ललचाना लाज़मी है, जो शरीर को भीतर से ठंडक दें। इस चिलचिलाती गर्मी को मात देने के लिये एण्डटीवी के कलाकार अपने पसंदीदा मौसमी स्नैक्स के बारे में बता रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं 'अटल' के आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी), 'हप्पू की उलटन पलटन' के योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह) और 'भाबीजी घर पर हैं' के रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी)। आशुतोष कुलकर्णी ऊर्फ 'अटल' के कृष्ण बिहारी वाजपेयी ने कहा, ''मेरे लिये गर्मियों के मौसम की सबसे अच्छी बात है ताजा रसीले और मुँह में पानी ला देने वाले आमों और साथ ही क्रीमी मैंगो लस्सी का सेवन। और जब प्यास बुझाने की बात हो, तो ताजगी से भरपूर एक ग्लास नींबू-पानी से बेहतर और क्या ही हो सकता है। मैं रोज-फ्लेवर्ड आइस ग्लास को भी नहीं भूल सकता, जो हमेशा मुझे अपने बचपन की याद दिलाता है। ये स्वादिष्ट पेय मुझे आनंद देते हैं, खासतौर पर चिलचिलाती गर्मियों के दौरान। इन ठंडी और दिल को खुश करने वाली चीजों का मजा लेना किसे अच्छा नहीं लगता?''

योगेश त्रिपाठी ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह ने कहा, ''गर्मियों का मौसम मजेदार हो सकता है। लेकिन, इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि तपिश वाली गर्मी परेशान कर सकती है। इस मौसम में गर्मी को मात देने के लिये कुछ कमाल की ठंडी चीजें भी होती हैं। मुझे भी इनमें से कुछ चीजें बहुत



पसंद हैं, जैसे कि आम पना की खटास, गोलगप्पों का क्रंचीपन और ठंडी लस्सी की ताज़गी और ये तीनों चीजें ही मुझे बहुत पसंद हैं! इसके अलावा, मुझे हाइड्रेटेड रहने के लिए तरबूज खाना और फलों के ताजा जूस का आनंद उठाना भी बहुत अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि हर मौसम अपने अनुरूप अलग-अलग तरह के खान-पान का आनंद उठाने का मौका लेकर आता है। सेलीब्रेशन्स में अक्सर खाने की भरमार होती है और वो हमें जिंदगी भर हमारे साथ रहने वाली यादें बनाने में मदद करते हैं। मैं सभी लोगों को हर बाइट का आनंद उठाने और कभी न भूल पाने वाली कुछ खुशनुमा यादें बनाने के लिये प्रोत्साहित करता हूँ।"

'रोहिताश्व गौड़' ऊर्फ 'भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी ने कहा, ''तापमान बढ़ने के साथ ही मेरा मन ताजगीपूर्ण फूड एवं ड्रिंक्स के लिये ललचाने लगता है। मुझे रसीले तरबूज, ठंडे खीरे, कुल्फी, दही-चावल और घर पर बनी आलू चाट के चटखारे लेना अच्छा लगता है। मैं खासतौर से गर्मियों के मौसम में पालक, चौलाई के पत्तों और पुदीने जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करने की सलाह देना चाहूँगा। इस तरह से भोजन से आपको अपने बॉडी टेम्पेचर को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है और आप हाइड्रेटेड बने रह सकते हैं। मुझे याद है कि गर्मियों के मौसम में हम कैसे पिकनिक, आइसक्रीम, पूल पार्टीज और इनडोर गेम्स का आनंद उठाते थे, जो परिवारों को एकजुट करने और गर्मियों के मौसम को मजेदार बनाने का सबसे अच्छा माध्यम है।''

# 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का पहला गाना 'देखा तेनु' लॉन्च किया

जब से नेटिज़न्स को आगामी रोमांटिक ड्रामा 'मिस्टर एंड मिसेज माही' के हाल ही में रिलीज़ हुए ट्रेलर में 'देखा तेनु' की झलक मिली है, तब से गाने के पूर्ण रिलीज़ को लेकर काफ़ी चर्चा और उत्साह है। आख़िरकार इंतज़ार खत्म हुआ! 'मिस्टर एंड मिसेज माही' के निर्माताओं ने मुंबई में एक भव्य कार्यक्रम में बहुप्रतीक्षित पूरा गाना लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर के साथ-साथ फिल्म के निर्देशक शरण शर्मा, गायक मोहम्मद फैज, गीतकार और संगीतकार जानी भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में राजकुमार राव, जान्हवी कपूर और निर्देशक शरण शर्मा ने फिल्म के बारे में बात की, जिसके बाद मोहम्मद फैज और जानी ने 'देखा तेनु' पर प्रस्तुति दी, जिसके बाद गाने का वीडियो रिलीज़ किया गया। 'देखा तेनु' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर के बीच की शानदार केमिस्ट्री दिखाई गई है। यह गाना जयपुर के खूबसूरत इलाकों में फिल्माया गया है, जिसमें फिल्म में दोनों की खूबसूरत शादी के सीक्वेंस के साथ-साथ उनकी केमिस्ट्री को भी दिखाया

# डॉ. कामत को सर्जरी करने करेगी प्रेरित

**मुंबई**.सोनी सब का शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' दर्शकों को एक दृढ़संकल्पित किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) के दिल छू लेने वाले सफर पर ले जाता है, जो सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करती है। पिछले एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि एक गरीब बस्ती में रहने वाली महिला पुष्पा के पास मदद माँगने आती है, जिसका बेटा ट्यूमर से पीड़ित है। आगामी एपिसोड्स में, दर्शक देखेंगे कि पुष्पा और जुगल (अंशुल त्रिवेदी) एक ऐसे डॉक्टर की तलाश कर रहे हैं जो उस बच्चे का इलाज कर सके। उनकी खोज एक सफल न्यूरोसर्जन डॉ. जय कामत (मेहुल कजारिया) पर पहुंचकर खत्म होती है, जिसने ट्यूमर के एक असफल ऑपरेशन में अपने गुरु को खो देने के बाद से सर्जरी करना छोड़ दिया है। पुष्पा की भूमिका निभाने वाली करुणा पांडे ने कहा, ''पुष्पा का मानना है कि हर किसी को इलाज कराने का मौका मिलना चाहिए। कई लोगों को उचित समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिल पाती है, इसलिए पुष्पा उस बच्चे की मदद करने के लिए हर संभव कोशिश करती है और डॉ. कामत को उसके अपराधबोध से बाहर निकलने और सर्जरी करने के लिए प्रेरित करती है।''

# 'वागले की दुनिया' में श्रीनिवास और राधिका की रोमांटिक डेट नाइट

सोनी सब का 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी, नए किस्से' हमें आम आदमी की रोज़मर्रा की चुनौतियों और जीत की दिल छू लेने वाली कहानी से रूबरू कराता है। हालिया एपिसोड्स में, वागले परिवार को एक मुश्किल हालात का सामना करना पड़ा जब, वरिष्ठ वागले, श्रीनिवास (अंजन श्रीवास्तव) को दिल का दौरा पड़ा। जब पूरा परिवार उनके ऑपरेशन हेतु पैसे जुटाने की कोशिश करने लगा, तो उन्हें इस सच्चाई का पता चला कि यह सर्जरी डॉक्टर द्वारा वागले परिवार से पैसे ऐंठने के लिए किया गया एक घोटाला था। राजेश (सुमीत राघवन) और उनकी बेटी सखी (चिन्मयी साल्वी) समय पर सच्चाई को उजागर कर देते हैं और राजेश श्रीनिवास को अनावश्यक सर्जरी से बचा लेता है। आगामी एपिसोड्स में, श्रीनिवास के सेहत से संबंधित डर के बाद, उनकी हालत में सुधार होने पर दिल छूने वाली घटना घटेगी। दर्शक एक सुखद ट्रीट की उम्मीद कर सकते हैं, क्योंकि श्रीनिवास और राधिका (भारती आचरेकर) एक साथ क्वालिटी टाइम बिताने की योजना बना रहे हैं। दशकों तक साथ रहने के बावजूद, वे केवल अपने लिए एक खास डेट नाइट का इंतज़ाम करके रोमांस को जीवंत रखने का फैसला करते हैं। यह एक प्यारी कहानी है, जिसमें दादा-दादी की जोड़ी एक साथ अपने यादगार पल का आनंद लेती है। राधिका की भूमिका निभाने वाली भारती आचरेकर ने कहा, "इस एपिसोड की शूटिंग करना वाकई अद्भुत अनुभव था। यह बहुत प्यारा और दिल छू लेने वाला सीक्वेंस है, क्योंकि आपने वरिष्ठ नागरिकों को डेट पर जाते हुए नहीं देखा या सुना होगा। इस कहानी पर शानदार काम करने के लिए क्रिएटिव टीम को बधाई। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे पसंद करेंगे।"श्रीनिवास की भूमिका निभाने वाले अंजन श्रीवास्तव ने कहा, "वागले की दुनिया जीवन के सबसे सरल सुखों में सबसे हृदयस्पर्शी पलों को दर्शाता है। हमारे किरदार, श्रीनिवास और राधिका ऐसा जोड़ा है जो कभी जुदा नहीं होता है.



# टीका पड़ गया हप्पू के प्यार में!

एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' के साथ एक बार फिर हंस-हंस कर लोट-पोट होने के लिये तैयार हो जाइये, क्योंकि मॉडर्न कॉलोनी में एक नई पड़ोसन कालिंदी की एंट्री से एक रोमांचक मोड़ आने वाला है। यू तो मॉडर्न कॉलोनी के निवासी हमेशा ही अनीता भाबी (विदिशा श्रीवास्तव) की खूबसूरती के दीवाने रहे हैं, लेकिन उनकी नई पड़ोसन कालिंदी अपनी चतुराई और सुंदरता से सभी लोगों ओर खासतौर से टीका का दिल चुरा लेगी। आगामी कहानी के बारे में बताते हुये विभूति नारायण मिश्रा (आसिफ शेख द्वारा अभिनीत) ने कहा, ''हप्पू (योगेश त्रिपाठी) का लिंदी नाम की एक महिला के रूप में अंडरकवर होकर अपने एक सीक्रेट मिशन को पूरा करने के लिये मॉडर्न कॉलोनी में रहने के लिये आता है। उसका मकसद समीर नाम के एक आतंकी को गुमराह कर उसे रोमांस के जाल में फंसाना और एक बम के साथ उसे रंगे हाथों पकड़ना है। इस बीच, टीका (वैभव माथुर), जोकि डिप्रेशन से जूझ रहा है, खुदकुशी करने की कोशिश करता है। उसकी मदद करने के लिये सक्सेना (सानंद वर्मा) उसे एक हमसफर ढूंढने की सलाह देता है। बहुत सोच-विचार करने के बाद, विभूति और तिवारी (रोहिताश्व गौड़) फैसला करते हैं कि कालिंदी, टीका के लिये बिल्कुल सही रहेगी। टीका कालिंदी की खूबसूरती पर फिदा है और उससे शादी करना चाहता है। वे कालिंदी के पास टीका की ओर से शादी का प्रस्ताव लेकर जाते हैं, लेकिन हप्पू (कालिंदी के रूप में) अपने मिशन एवं पहचान को बचाने के लिये कालिंदी के परिवार के बारे में एक झूठी कहानी गढ़ता है और कहता है कि जब तक उसकी बड़ी बहन की शादी नहीं ो जाती, वह शादी नहीं करेगी। यह सुनकर सभी की उम्मीदों पर पानी फिर जाता है , क्योंकि उन्हें लगता है कि उसकी बड़ी बहन की शादी नामुमकिन है और इसलिये टीका की शादी भी नहीं हो सकती है। एक बार फिर, टीका खुदकुशी करने का फैसला करता है।'' विदिशा श्रीवास्तव, ऊर्फ अनीता भाबी ने कहा, ''टीका को बचाने के लिये, वे लोग हप्पू को उसी समय अगवा कर लेते हैं, जब वह आतंकवादी को पकड़ने ही जाने वाला होता है। इससे आतंकवादी को भागने का मौका मिल जाता है। दर्शकों को यह कहानी देखकर बहुत मजा आयेगा और उम्मीद है कि वे बेसेब्री से इसका इंतजार करेंगे। उनके लिये यह देखना दिलचस्प होने वाला है कि क्या कालिंदी आतंकवादी को अपनी चाल में फंसाने में कामयाब हो पायेगी या उसे टीका से शादी रचानी पड़ेगी।''



# सोमा राठौड़ करती हैं पशुओं की रक्षा और भलाई का काम

सोमा राठौड़ जो कि एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में अम्मा जी का किरदार निभा रही हैं, स्क्रीन पर सिर्फ एक मनोरंजक किरदार हैं। असल जिंदगी में उन्हें पशुओं से बहुत प्यार है और जरूरतमंद पशु-पक्षियों के लिये वे अपने दिल और घर के दरवाजे हमेशा खुले रखती हैं। अपनी करुणा से प्रेरित होकर, उन्होंने दो बत्तखों और तीन कुत्तों को अपने घर में आश्रय दिया है और वे उन्हें खूब प्यार और सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। अपनी इस नेकदिली से वे इन पशु-पक्षियों के लिये चैम्पियन बन गई हैं और इन बेजुबान जीवों की आवाज बन रही हैं। वे अपने सोशल मीडिया चैनलों के जरिये दूसरों को भी दयालुता दिखाने और सभी जीवों के प्रति दया का भाव रखने के लिये प्रेरित करती हैं।



पशु-पक्षियों के संरक्षण के बारे में विस्तार से बताते हुये सोमा राठौड़ ऊर्फ अम्मा जी कहती हैं, "बचपन से ही मुझे पशु-पक्षियों से बहुत लगाव रहा है। मैंने अनगिनत जीवों की रक्षा की है और उन्हें आश्रय दिया है। इनमें तरह-तरह के पक्षियों और खरगोश से लेकर बिल्लियाँ और कुत्ते शामिल हैं। मेरे पिता को भी पशुओं से बहुत प्यार था और मेरे इस पैशन को आगे बढ़ाने में उनकी बहुत बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने एक मार्गदर्शक की तरह हमेशा मुझे रास्ता दिखाया। पशुओं से जुड़ी दिल दहला देने वाली घटनाओं को देखने के बाद, मैंने पशु कल्याण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने का फैसला किया। बतौर कलाकार, मुझे हमारे दमदार प्रभाव के बारे में पता है और मुझे वाकई में लगता है कि हमें अपनी लोकप्रियता का इस्तेमाल किसी बड़े उद्देश्य को पूरा करने में जरूर करना चाहिये। मैं पशुओं की रक्षा और उनके कल्याण के बारे में दूसरों को शिक्षित एवं प्रेरित करने के लिये अपने वीडियोज़ एवं सोशल मीडिया पोस्ट का इस्तेमाल करने के लिये प्रतिबद्ध हूँ। पशु बचाव पहलों से पशुओं को बचाने, पशु कल्याण मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने, पशु-पक्षियों के बचाव के लिये और सख्त कानून का समर्थन करने और रिस्पॉन्सिबल पेट ऑनरशिप को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।"

पालतू पशु-पक्षियों के बचाव के बारे में और विस्तार से बताते हुये, सोमा ने आगे कहा, "मैं पाँच अद्भुत पेट्स के साथ रहती हूँ और उन सबकी अपनी एक अनूठी कहानी है। इसकी शुरूआत तब हुई, जब मैंने दो बत्तखों को एक पिंजरे में कष्टमय जीवन बिताते हुये देखा। मुझे ऐसा लगा कि मैं उन्हे बचाऊँ और मैंने उनका नाम मोंटू और लक्ष्मी रखा। मेरे पास तीन डॉग्स भी हैं: जेंटज-एक लैब्राडोर और शेरू-एक इंडीब्रीड, जिन्हें मैंने शेल्टर्स से गोद लिया था और सोनू मेरी जिंदगी में मेरी को-स्टार चारूल मलिक (रूसा) की नेकदिली के जरिये आया। उसे जब सोनू की देखभाल करने में परेशानी का सामना करना पड़ा, तो उसने उसे मुझे सौंप दिया।

# ग्राम पंचायत पालनार को ''सिंगल यूज प्लास्टिक'' मुक्त करने महिलाओं ने किया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 19 मई।** लगातार बढ़ रही प्रदूषण को देखते हुए और गांवों, शहरों को प्लास्टिक मुक्त करने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं की ओर से अनूठी पहल की गई है। इसके तहत ग्राम पंचायत पालनार के साप्ताहिक बाजार में महिलाओं के द्वारा ''सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलीथिन मुक्त करने हेतु ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बाजार का आयोजन किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि जिला प्रशासन के सहयोग व मार्गदर्शन से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दंतेवाड़ा द्वारा दिनांक 13 मई से 22 मई 2024 तक पेपर बैग लिफाफा एवं फाइल निर्माण करने हेतु 10 दिवसीय ऑफ कैंपस प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम पालनार में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं के द्वारा बनाए गए पेपर बैग का ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बाजार लगाया गया। साथ ही लोगों को ''सिंगल युज प्लास्टिक पॉलिथीन'' उपयोग नहीं करने की सलाह एवं साप्ताहिक बाजार में मौजूद दुकानदारों से पेपर से बने बैग का उपयोग करने करने हेतु अपील भी किया गया।





इस संबंध में संस्थान डायरेक्टर एमआर राजू, ने बताया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा करवाए जा रहे इस कार्य से एक तरफ जहां शहर, गांव को पॉलीथिन मुक्त बनाने से आसानी होगी, तो वही दूसरी तरफ महिलाओं को भी एक रोजगार उपलब्ध होगा। इस दौरान संस्थान समन्वयक ओम प्रकाश साहू, प्रशिक्षक आलोक श्रीवास्तव, फैकल्टी धनंजय टंडन एवं महिला प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## एक नजर

### तेंदूपत्ता का अवैध परिवहन




**सुकमा, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में हरा सोना तेंदुपत्ता इस साल बड़े पैमाने में फ्रमुंशी के मिली भगत से अवैध परिवहन किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले ही कोसाबंदर में व्यपारी का 16 बोरा तेंदुपत्ता फ्रमुंशी द्वारा चोरी कर ओडिशा बेच दिया गया था।और वहीं वनविभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया ना ही व्यपारी का पत्ता वापस लौटाया गया और अभी -अभी खबर मिली है कि छिंदगढ़ बलॉक के पुजारी पाल में फ्रमुंशी द्वारा तेंदुपत्ता का करीब 50 बोरा छुपाकर रखा गया है जिसे ओडिशा भेजने के फ़िराक में है।

### 31 मई अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर होंगे जागरूकता कार्यक्रम




**दंतेवाड़ा, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण विभाग से जारी विज्ञप्ति अनुसार आगामी 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत जन सामान्य में धूम्रपान और तंबाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोकथाम, एवं धूम्रपान से होने वाली दुष्परिणाम के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेगें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर गठित भारत माता वाहिनी के माध्यम से नशा मुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन, तम्बाकू सेवन के उसके दुष्परिणाम पर चर्चा व उसके दुष्प्रभाव की जानकारी सभी समुदाय तक पहुंचाने, सोशल मीडिया में नशापान के दुष्प्रभावों का प्रचार, नशा मुक्ति हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं, विषयान्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशा मुक्ति साहित्यो का वितरण, नशा मुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से विषयान्तर्गत प्रेरक नाटक, गीत, परिचर्चा आदि का जनहित में प्रसारण, यथा संभव योगाचार्यो के मार्गदर्शन में योगाभ्यास का प्रदर्शन तथा योगाभ्यास से नशामुक्त होने हेतु प्रेरक व्याख्यान जैसे जागरूकता कार्यक्रम होगें।

### इंटकवेल से नगरवासियों को दिया जा रहा पर्याप्त पानी, फिर भी मनमानी

# टूल्लू पंप से पानी लेने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 19 मई।** गर्मी के मौसम में जहां लोगों को दैनिक कार्यो के लिए पानी की जरूरत ज्यादा पड़ती है, वहीं भीषण गर्मी से छुटकारा पाने कूलर के उपयोग के लिए भी पानी की आवश्यकता होती है। नगर पालिका परिषद सुकमा द्वारा शबरी नदी से इंटेक वेल के माध्यम से शबरी नगर में संचालित पानी फिल्टर प्लांट के माध्यम से नगर वासियों को पर्याप्त पानी दिया जा रहा है, फिर भी नगर के कुछ वार्डो में लोगो के द्वारा टुल्लू पंप के माध्यम से अतिरिक्त पानी लिया जा रहा, जिस कारण टुल्लू पम्प से पानी लेने के चलते आसपास के लोगो को पर्याप्त मात्रा में पानी नही मिल रही थी, जिसके वजह से कुछ लोगों के द्वारा कलेक्टर से शिकायत कर टुल्लू पम्प बन्द कराने की मांग की गई थी। जिस पर कलेक्टर महोदय के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुकमा को कार्यवाही किये जाने निर्देशित किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार दिनाँक 18 मई नगर पालिका परिषद सुकमा की टीम द्वारा नगर के वार्ड नम्बर 15 में टुल्लू पम्प से पानी चोरी करने वालो के घर में छापामारी की की कार्यवाही की गई। जिसमें आठ घरों में टुल्लू पंप से तथा चार घरों में कूलर पंप से पानी खिंचते पकड़ा गया।

आठो टुल्लू पम्प एवं चारो कूलर पंप को जब्ती बनाते हुए नगरपालिका में जमा किया गया व मुख्य नगरपालिका अधिकारी और छापामार टीम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नगरपालिका द्वारा पर्याप्त मात्रा में पानी दिया जा रहा, टुल्लू पम्प या अन्य किसी पंप से पानी लेना गैर कानूनी है इस तरह की छापामार कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



### आस्था विद्या मंदिर जावंगा में समर केम्प का आयोजन

# 150 बच्चे सीख रहे हैं घुड़सवारी, चित्रकला, रंगोली, मूर्तिकला,संगीत,वादन,नृत्य, सिलाई व क्राफ्ट वर्क



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 19 मई।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिले के पीएम विद्यालयों का सात दिवसीय समर कैम्प का आयोजन गीदम विकासखंड अंतर्गत एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में किया जा रहा है। पीएम विद्यालयों के तहत पांच स्कूल जिनमें एकलव्य जावंगा, प्राथमिक शाला बचेली, पोटाकेबिन कुआंकोंडा-2, पोटाकेबिन भाँसी तथा पोटाकेबिन गुमड़ा के छात्र शामिल है।

उल्लेखनीय है कि इस समर केम्प के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अंचल के बच्चों में छिपी प्रतिभा, हुनर एवं कला को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। अतः ग्रीष्मकालीन छुट्टियों को देखते हुए 13 से 19 मई तक जावंगा में इस समर कैंप आयोजन किया गया है। इस समर कैम्प में जिले के कुल 150 छात्र, छात्रा सम्मिलित है। इस समर कैंप में खैरागढ़ से आये मास्टर ट्रेनर्स द्वारा छात्र, छात्राओं को घुड़सवारी, चित्रकला, रंगोली, मूर्तिकला, संगीत, वादन, नृत्य, भाषण कला, सिलाई, क्राफ्ट वर्क सहित अन्य कई विधा सिखाने के साथ-साथ इन विद्यालय के शिक्षकों को भी इन विधाओं में पारंगत बना रहे है।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता रैली निकाल कर दिया गया बचाव का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 19 मई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विजय कर्मा के निर्देश पर जिले के समस्त विकासखंडों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत मितानिन के माध्यम से साफसफाई के साथ-साथ वेक्टर जनित रोग के रोकथाम हेतु स्त्रोत नियंत्रण के बारे में भी बताया गया। मलेरिया अधिकारी डॉ विजय कर्मा ने बताया कि डेंगू वायरस जनित रोग है जो संक्रमित म'छर की काटने से होता है। जो तेज बुखार, आंखों के ऊपर दर्द, मांसपेशियों जोड़ों में तेज दर्द सहित जी मछलाना और उल्टी सहित शरीर में लाल चकते यह कुछ लक्षण है जिससे डेंगू का पता चलता है। गंभीर होने पर मरीज की जान भी जा सकती है। इसके लक्षण का पता चलने पर ही इसका उपचार किया जा सकता है बीमारी की स्थिति में ताल पदार्थ और आराम करने की सलाह दी जाती है। जिले में डेंगू की जांच हेतु सभी प्रारंभिक स्वास्थ्य केंद्रो में प्राप्त सुविधा उपलब्ध है जिले के आम जनों से अपील की जाती है कि इस प्रकार के लक्षण पता चलने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू की जांच अवश्य कराए एवं इसके बचाव हेतु लोगों को जागरूक करें।



## समाचार संक्षेप

### अनुकम्पा नियुक्ति के लिए होगा विशेष शिविर का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय कलेक्टर द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला स्तर पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु रिक्त पदों के विरूद्ध तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर अनुकम्पा नियुक्ति हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में लंबित प्रकरणों का निराकरण आयुक्त बस्तर संभाग एवं कलेक्टर दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के निर्देशानुसार जिला स्तर में गठित समिति के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय दन्तेवाड़ा में तृतीय तल डंकनी सभा कक्ष में दिनांक 22 मई 2024 को 12 बजे विशेष शिविर का आयोजन कर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इस क्रम में समस्त विभाग प्रमुख अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण पूर्ण कर स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों की जानकारी के साथ आवेदक एवं स्थापना लिपिक के साथ उपस्थित रहेगें। लंबित प्रकरणों को शिविर स्थल में ही निराकरण किया जाना है। इस संबंध में अनुकंपा नियुक्ति आवेदक संयुक्त जिला कार्यालय दन्तेवाड़ा के टोल फ्री नम्बर 9302706669 में प्रातः 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते है।



### केन्द्रीय पेट्रोरसायन प्रौद्योगिकी कार्यशाला आयोजित



**दंतेवाड़ा, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कैरियर काउंसलिंग में केन्द्रीय पेट्रोरसायन प्रौद्योगिकी संस्थान भनपुरी, रायपुर से आये विषय विशेषज्ञ बी श्रीनिवास राव द्वारा प्लास्टिक इंजीनियरिंग में संचालित डिप्लोमा एवं पोस्ट डिप्लोमा कोर्स, प्लेसमेंट एवं अन्य क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं के विषय में युवाओं को जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें प्लास्टिक इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने हेतु डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के संबंध में भी बताया गया। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु श्रीनिवास राव मो.नं.(72996-68110) पर संपर्क किया जा सकता है।

### प्रमुख सचिव व कलेक्टर ने ली संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक

**दंतेवाड़ा, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा आगामी 16 एवं 17 मई को प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग निहारिका बारिक की अध्यक्षता में ली जाने वाली संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक के संदर्भ में आवश्यक बैठक आहूत किया गया था। बैठक में उन्होंने जिले में ''नियद नेल्लानार'' योजना के क्रियान्वयन हेतु पंचायत स्तर पर किये जा रहे निर्माण कार्यों को द्रुत गति से समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा। ज्ञातव्य हो कि जिले के अंतर्गत स्थापित सुरक्षा कैम्पों के परिधि में स्थित 6 ग्राम मुलेर, कमालूर, धुरली, बासनपुर, गामावाड़ा एवं झिरका ''नियद नेल्लानार'' योजना के तहत चिन्हांकित है। जहां समुदाय मूलक एवं व्यक्ति हितग्राही मूलक गतिविधियों विकसित की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर ने इन चयनित ग्रामों की जनसांख्यिकी एवं आधारभूत संरचना, चिन्हांकित 28 योजनाओं के संतृप्तीकरण के स्थिति, योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आगामी कार्य योजनाओं की जानकारी चाही। इसके अलावा बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत पूर्ण होने वाले सड़कों में सुरक्षा की स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा, मनरेगा अन्तर्गत जॉब कार्ड बनाने, प्रत्येक सुरक्षा के कैम्प के पास खाद्यान्न भण्डारण गोदाम, खेल मैदान, आंगनबाड़ी भवन एवं अमृत सरोवर निर्माण, स्व सहायता समूहों के लिए नर्सरी एवं फलदार वृक्षारोपण कार्य, समयबद्ध मजदूरी भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तृतीय किस्त प्राप्त निर्माणधीन आवास, ग्राम पंचायत भवन की स्थिति, लखपति महिला पहल जैसी विभिन्न योजनाओं के बारे गहन समीक्षा की गयी।

### प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने ''नियद नेल्लानार' के अंतर्गत ली संभाग स्तरीय बैठक

# योजनाओं को प्राथमिकता दें, रोजगारमूलक कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन करें : निहारिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 19 मई।** प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी निहारिका बारिक सिंह की अध्यक्षता में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में ''नियद नेल्लानार'' शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में संभागीय स्तरीय बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव बारिक सिंह ने ''नियद नेल्लानार'' के अंतर्गत शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि ''नियद नेल्लानार'' शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है। जहां सुरक्षा कैम्पों की परिधि में स्थित ग्रामों में मुलभूत अधोसंरचना यथा पी डी एस सेवाओं, संचार प्रणाली, रोड कनेक्टीविटी, स्कुल आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों की शत प्रतिशत उपलब्धता की जानी है साथ ही इन ग्रामों में अतिरिक्त रोजगार मुलक कार्यो का अधिकाधिक सृजन, और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी करना सुनिश्चित करें। इस क्रम उन्होंने बस्तर सभाग के कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, सुकमा, बिजापुर, नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिलों से संबंधित एजेंडा बिंदु वार जानकारी लेते हुए पीपीटी के माध्यम से समीक्षा किया।



''नियद नेल्लानार''के तहत एजेंडे में छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण पीएमजीएसवाय-1 अतर्गत सुरक्षा बलों के सहयोग से जून 2024 तक पूर्ण होने वाले 85 सडको में सुरक्षा की स्थिति एवं प्रगति, मनरेगा के तहत किये जा रहे कार्यो को अद्यतन प्रगति, हितग्राहियों को जॉब कार्ड की स्थिति एवं 10 जून, 2024 तक संतृप्त करने की कार्ययोजना, प्रत्येक सुरक्षा कैंप के पास अनिवार्यतः01 खाद्यान्न भण्डारण गोदाम, प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान की स्वीकृति, आंगनवाडी भवन निर्माण, अमृत सरोवर, व्यक्ति मूलक कार्य, स्व-सहायता समूहों के लिए नर्सरी एवं फलदार वृक्षारोपण के कार्य, पर्याप्त शेल्फ ऑफ वर्क की तैयारी की स्थिति, प्रत्येक ग्राम पंचायत में अर्हता प्राप्त स्थानीय व्यक्ति को ग्राम रोजगार सहायक के पद पर नियुक्ति की तैयारी, समयबद्ध मजदूरी भुगतान की समीक्षा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत तृतीय किस्त प्राप्त निर्माणाधीन आवासों की समीक्षा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों की प्रगति, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवासहीन हितग्राहियों के आवास निर्माण की प्रगति, स्थायी प्रतिक्षा सूची, आवास प्लस, पीएम-जनमन एवं मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (आवासहीन) के पृथक छूटे हुए पात्र परिवारों के सर्वेक्षण, चयनित ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत भवन की स्थिति, चयनित ग्राम पंचायतों में सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त आयोग अंतर्गत प्राप्त अनुदान राशि के व्यय, ग्राम पंचायत विकास योजना (2024-25) के निर्माण की समीक्षा ऑडिट ऑनलाइन वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रगति, वर्ल्ड बैंक प्रोजेक्ट के तहत चयनित ग्राम पंचायतों के ''इयर बुक क्लोजिंग''की समीक्षा, वित्तीय समावेशन, आजीविका अंतर्गत लखपति महिला पहल अंतर्गत स्थिति की समीक्षा एवं वार्षिक कार्ययोजना 2024-25 हेतु रणनीति एवं तैयारी, स्व-सहायता समूह गठन, बी.सी. सखी नियुक्ति, राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत सर्वेक्षण, स्थल चिन्हांकन, स्वीकृति, प्रगति, ओ डी. एफ. प्लस मॉडल ग्राम, ओ डी एफ प्लस मॉडल के सत्यापन की प्रगति, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट की स्थापना, पर्यटन स्थल के होटल होमस्टे, रिसोर्ट आदि की ग्रीन लीफ रेटिंग करने, ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित शौचालयों की टॉयपोलाजी का सर्वेक्षण कर एम.आई.एस. में प्रविष्टि करने के विषय वस्तु शामिल थे जिनकी प्रमुख सचिव द्वारा विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इसके साथ उन्होंने क्रियान्वयन संबंध में आ रही दिक्कतों के संबंध में भी कलेक्टर एवं सीईओ से जानकारी चाही और उसके समाधान के समुचित निर्देश दिए।

## सुरक्षा कैंपों के समीप के ग्रामों में अलग-अलग लक्षित कार्यों की करें समीक्षा : प्रमुख सचिव

**दंतेवाड़ा, 19 मई।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह ने कहा कि बस्तर संभाग के नियद नेल्लनार योजना के तहत 22 सुरक्षा कैंपों के समीप के ग्रामों में अलग-अलग लक्षित कार्यों का सतत समीक्षा किया जाए, इसके साथ ही हर गांव में कोई ना कोई कार्य स्वीकृत करें। प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह ने बैठक में बस्तर संभाग के जिलों में छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के अंतर्गत सुरक्षा बलों के सहयोग से जून 2024 तक पूर्ण होने वाले 85 सड़कों में सुरक्षा की स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री-जनमन अंतर्गत नारायणपुर जिले में स्वीकृत 16 सड़कों में से 07 सडके सुरक्षा बल के अभाव में अप्रारम्भ है की समीक्षा किया गया। महात्मा गांधी नरेगा के तहत मांग के आधार पर जॉब कार्ड बनाये जाने की स्थिति 10 जून 2024 तक संतृप्त करने की कार्ययोजना पर चर्चा किए। वनाधिकार पट्टाधारी को मनरेगा के तहत शेड निर्माण में अधिक से अधिक राशि देने के निर्देश दिए।



मनरेगा के भुगतान हेतु बैंकिंग व्यवस्था के अन्य माध्यम पर चर्चा किया, कार्यों के भौतिक प्रगति की समीक्षा, सोशल ऑडिट की प्रगति, कार्यों की प्रगति में वर्ष 2023-24 के दो वर्ष में आप्रारंभ कार्य को निरस्त कर अन्य प्रगतिरत कार्य को जल्द पूर्ण करवाएं। इसकी सभी जिला पंचायत सीईओ समीक्षा कर अपूर्ण या अप्रारंभ कार्य की जानकारी एक सप्ताह तक दें। कार्य में लंबित की संख्या ज्यादा होने पर कोंडागांव के ईई आरईएस को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिए। मनरेगा के तहत पीडीएस दुकान, आंगनबाड़ी के भवन निर्माण के साथ वन अधिकार मान्यता पत्र प्राप्त हितग्राहियों से आजीविका संवर्धन हेतु स्वीकृत कार्य को प्राथमिकता किया जाए। हर पंचायत में अमृत सरोवर के लिए जगह का पूर्व चिन्हांकन किया जाए, जगह कम से कम एक एकड़ का हो। आंगनबाड़ी भवन के विकास, खेल मैदान के विकास, व्यक्तिमूलक कार्य, स्व-सहायता समूहों के लिए नर्सरी एवं फलदार वृक्षारोपण के कार्य, पर्याप्त शेल्फ ऑफ वर्क की तैयारी की स्थिति, प्रत्येक ग्राम पंचायत में अर्हता प्राप्त स्थानीय व्यक्ति को ग्राम रोजगार सहायक के पद पर नियुक्ति और रिक्त पदों की भर्ती हेतु तैयारी के संबंध में चर्चा किया गया।

# एक नजर

### कार्यशाला में जल संरक्षण के लिए मिलकर काम करने पर चर्चा की

**धमतरी 19 मई।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव द्वारा आज जिला पंचायत में जल जगार के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें जिले के निजी स्कूल, नर्सिंग होम, होटल, रिसॉर्ट संचालक एवं अन्य सम्मिलित हुए। इस मौके पर सीईओ ने बताया कि जिले में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। जल संरक्षण की दिशा में हम सभी को एक साथ मिलकर कार्य करने की जरूरत है। साथ ही कहा कि आप अपने भवनों में रूफटॉप स्ट्रक्चर एवं रैन वाटर हार्वेस्टर अनिवार्य रूप से लगाएं, ताकि वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन हो और पानी को रिचार्ज किया जा सके। उन्होंने कहा कि जहां भी ग्राउंड वाटर 10 लीटर से अधिक निकाल रहे हैं, उन्हें पीजो मीटर लगवाना अनिवार्य है। सीईओ ने बैठक में कहा कि नियमों का पालन नहीं करने पर संबंधित संस्था सील कर, बिजली बंद की जायेगी साथ ही पेनाल्टी भी लगा सकते हैं। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में रैन वाटर हार्वेस्टिंग के डिजाईन, संरचना इत्यादि के बारे में बारिकी से जानकारी दी गई। साथ ही जल जगार के संबंध में तैयार किये गये टोपी, टीशर्ट, पॉम्पलेट इत्यादि का प्रदर्शन किया गय। इसके अलावा पावर प्वाईंट प्रजेंटेशन के जरिए पानी के सदुपयोग करने और दुरूपयोग से बचने के उपाय भी बताये गये। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल के संविदा कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं

**रायपुर 19 मई।** प्रदेश में 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट स्कूलों में लगभग पांच हजार संविदा कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है, वहीं इन स्कूलों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन मिल रहा है, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने नवपदस्थ संचालक महोदया दिव्या मिश्रा को पत्र लिखकर तत्काल राशि आंबटित करने की मांग की गई है।श्री पॉल ने बताया कि पांच हजार संविदा कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। शिक्षकों के समक्ष पारिवारिक समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। कई शिक्षकों का बैंक का लोन है, उनके बच्चों के स्कूलों की फीस और घर के अन्य खर्चो को लेकर अब वे चिंतत हो रहे है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इन संविदा कर्मचारियों को समय पर प्रतिमाह वेतन देने गंभीर नहीं है। विडंबना है कि ऐसी परिस्थिति में भी विभाग इन शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा रख रहा है।

# कलेक्टर एवं एसपी ने बुनियादि सुविधाओं की ली जानकारी

## परीक्षा केन्द्र पहुंचकर जिले में आयोजित हो रही एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा का लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 19 मई।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव ने कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा का निरीक्षण किया। परीक्षा केन्द्र बीजापुर एवं रुद्रारम में पहुंचकर परीक्षा का जायजा लेते हुए छात्रों को मेहनत और लगन से परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात् भोपालपटनम ब्लाक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत वरदली एवं लिंगापुर पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा कर बुनियादि सुविधाओं की जानकारी ली। सर्वप्रथम वरदली पहुंचे जहां ग्रामीणों ने बुनियादि सुविधाओं की आवश्यकता से अवगत कराया। गांव में बिजली, पेयजल, टावर जैसी समस्याओं की जानकारी कलेक्टर को दी और ग्रामीणों ने उनके समक्ष अन्य सुविधाओं की मांग की। तत्पश्चात् ग्राम पंचायत लिंगापुर का निरीक्षण किया मौके पर उपस्थित पटवारी, सचिव एवं सरपंच ने ग्राम पंचायत के संबंध में विस्तृत जानकारी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को दी।





कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने पटवारी से सीमांकन, नामातंरण, बटवांरा संबंधित लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उसे समय-सीमा में निराकृत करने की दिशा-निर्देश दिए। अनुविभागीय कार्यालय भोपालपटनम का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत लिंगापुर में बहती हुई इन्द्रावती नदी का भी जायजा लिया। ग्राम पंचायत लिंगापुर में इन्द्रावती नदी पर उतरने के लिए सीसी का रैम्प अप्रोच रोड़ एवं सीढ़ी बनायी गई है जिसकी तारीफ कलेक्टर ने की और घाट एवं नदी को स्वच्छ रखने का निर्देश दिए। साथ ही भोपालपटनम के तहसील कार्यालय का भी अवलोकन कर तहसीलदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम श्री यशवंत नाग भोपालपटनम सहित अन्य विभागीय अमला मौजूद थे।

# हत्या के मामले में पत्नी सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 19 मई।** नेवई थाना क्षेत्र हमेशा विवाद करने से तंग आकर पत्नी ने पति को रास्ते से हटाने के लिए प्लानिंग कर 50 हजार में हत्या का सौदा तय करने के बाद परिचितों के माध्यम से 50 हजार रुपए में सुपारी दे दी। प्लानिंग के तहत तौकीर आलम को मरोदा डेम बुलाया गया जहां पहले से इंतजार कर रहे कांट्रेक्ट किलर ने हत्या करने की नीयत से गर्दन में चाकू घोंप दिया लेकिन वह बच गया उसका दुर्ग के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है पुलिस ने पति की हत्या के प्रयास एवं षड़यंत्र में शामिल पत्नी सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दरअसल 16 मई को मृतक तौकीर आलम पत्नी नीदा अंजुम ने पेट्रोल खत्म होने की बात कहकर वाट्सअप कॉल कर रात्रि करीब 8 बजे उसे नेवई डेम बुलाया, जहां पेट्रोल लेकर पहुंचने पर पेट्रोल डालने के लिए पत्नी से उसने चाबी मांगी तो उसने चाबी गुम होने की जानकारी दी इस पर तौकीर आसपास चाबी ढूंढने लगा। उस दौरान पास में एक अज्ञात व्यक्ति मुंह पर स्कार्फ बांधकर खड़ा था

(शहर ) एएसपी राठौर ने बताया कि तौकीर आलम जैसे ही वहां पहुंचा तो तीनों आरोपी स्कॉर्पियों में बैठकर पहले से पहुंच चुके थे योजना के तहत जय कुमार मुंह में स्कार्फ बांधकर गाडी के पास खड़ा था जबकि आजाद केंवट और देव कुमार चौधरी गाड़ी में अंदर बैठे थे। तौकीर पेट्रोल लेकर नेवई डेम आया और पेट्रोल डालने के लिए स्कूटी की चाबी मांगने लगा तो उसने चाबी आस पास गिरने की जानकारी दी इस पर तौकीर चाबी ढूंढने लगा तो पास खड़े जय कुमार ने चाबी उसके पास पड़ी होने की जानकारी दी जैसे ही तौकीर चाबी लेकर जाने लगा तो अपने पास रखे चाकू से उसके गले में तीन-चार बार हमला कर भाग गए



उसने चाबी अपने पास होने की जानकारी दी। जब तौकीर चाबी लेकर अपने स्कूटी के पास बढ़ने लगा तो उस व्यक्ति ने चाकू से हत्या करने की नीयत से तीन चार बार गले में वार कर गंभीर चोट पहुंचाई। पुलिस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 307,120बी के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही थी भिलाईनगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी व नेवई टीआई आनंद शुक्ला उपस्थित थे पति-पत्नी के बीच अक्सर होता रहता था झगड़ा नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि तौकीर आलम की पत्नी संदेही नीदा अंजुम को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की गयी उसने बताया कि शादी के बाद से आपस में अक्सर वाद लड़ाई झगड़ा होते रहता था। तब आजाद केंवट अपने दोस्त देव कुमार चौधरी एवं जय कुमार मेहता के साथ मिलकर तौकीर आलम की हत्या करने के प्लानिंग बनाई 16 मई की रात करीब 8 बजे योजनाबद्ध तरीके से नीदा अंजुम ने अपने पति तौकीर को वाट्सएप कॉल कर पेट्रोल खत्म होने की जानकारी दी और उसे मरोदा डेम बुलाया था।

# समाचार संक्षेप

### बाहरी कंपनी को लाभ पहुंचाने साय सरकार ने नियमों में किया बदलाव: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद 19 मई।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि 2 करोड़ युवाओं को हर साल रोजगार देने की बात करने वाले जुमलेबाजों ने छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही स्थानीय लोगों को बेरोजगार बनाने का षड़यंत्र शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ की साय सरकार युवाओं को रोजगार तो उपलब्ध करा नहीं पा रही। बल्कि, छोटे व्यवसाय कर अपना व परिवार का पालन पोषण तथा अपने व्यवसाय के बल पर अन्य को रोजगार उपलब्ध करा रहे लोगों को सड़क पर लाने की योजना बना रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि राज्य के बाहर के विशेष व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने छग राज्य बीज निगम के माध्यम से साय सरकार ने टिश्यू कल्चर बांस प्लांट की निविदा में ऐसा बदलाव किया कि अब इसमें राज्य का कोई भी नर्सरी संचालक हिस्सा नहीं ले सकेंगे। ज्ञात हो कि टिश्यू कल्चर बांस प्लांट की कीमत दर निर्धारित करने निविदा जारी की जाती है। जिसमें प्रदेश के निजी नर्सरी संचालक भी हिस्सा लेकर कांट्रेक्ट प्राप्त करते हैं। लेकिन, इस दफे राज्य के बाहर हैदराबाद के एक कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए नियम में बदलाव कर दिया गया है। इस नियम के तहत प्रदेश के लगभग सभी नर्सरियां बाहर हो जाएंगी और राज्य के बाहर की विशेष नर्सरी या फर्म ही भगा ले पाएंगी।8श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में कार्पोरेट सरकार द्वारा परदेसिया वाद नीति के चलते छत्तीसगढ़ियों के अधिकार पर कुठाराघात किया जा रहा है। पूर्व के वर्षों में यह व्यवस्था थी कि कोई भी नर्सरी अन्य उत्पादक से आथोराइजेशन लेकर निविदा में भाग ले सकते थे और रेट कांट्रेक्ट हो जाता था। वर्तमान में सेल्फ प्रोड्यूस (स्वयं उत्पादक) की शर्त लगा दी गई है। शासन के उक्त शर्तों से प्रदेश के लगभग सभी नर्सरी बाहर हो जाएंगे। जिससे इन नर्सरियों में कार्यरत मजदूरों के सामने रोजी-रोटी की संकट उत्पन्न हो जाएगी।



### जवान व ग्रामीण की हत्या की वारदात में शामिल 2 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर 19 मई।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियाान के तहत हत्या की वारदात में शामिल फरार नक्सलियों की पता तलाश एवं सूचना के आधार पर जैगुर से 2 नक्सलियों दशरू आरकी(डीएकेएमएसअध्यक्ष) पिता सोमा आरकी उम्र 32 वर्ष निवासी जैगुर नरगोपारा थाना जांगला एवं मंगलू कवासी (मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर) पिता मंगडू कवासी उम्र 30 वर्ष निवासी जैगुर डोंगरपारा थाना जांगला को गिरफ्तार किया गया है। उक्त दोनों गिरफ्तार नक्सली 7 फरवरी 2024 को थाना जांगला क्षेत्रान्तर्गत बेंचरम में स्थापित जिओ मोबाइल टावर में आगजनी की वारदात एवं 18 फरवरी 2024 को छसबल कैम्प दरभा में पदस्थ छसबल का जवान तिजउ राम भुआर्य की नक्सलियों के स्माल एक्शन टीम द्वारा कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दिये थे, इस वारदात में भी शामिल थे। थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत 08 मार्च 2024 को तेलीपेंठा के ग्रामीण पुसु हेमला की हत्या की वारदात में भी शामिल थे। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से मेमोरण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त आलाजरब बरामद किया गया। थाना जांगला में अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही उपरान्त शनिवार को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



### राजीव गांधी मजदूर न्याय योजना का नाम बदलना भाजपा की घटिया राजनीतिः बैज

**रायपुर 19 मई।** साय सरकार द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना का नाम बदले जाने का कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह भाजपा की स्तरहीन राजनीतिक सोच है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश के खेतिहर भूमिहीन मजदूरों तथा पौनी पसारी का काम करने वाले ग्रामीण जनों के कल्याण के लिये राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना शुरू किया था। जिसके तहत भूमिहीन ग्रामीणों को पहले 7000 वार्षिक बाद में 10 हजार वार्षिक दिया जाता था। दुर्भाग्यजनक है कि साय सरकार 5 माह में जनकल्याण की कोई नई योजना शुरू नहीं कर पाई पुरानी सरकार की योजना का नाम बदलकर दीनदयाल भूमिहीन मजदूर न्याय योजना कर दिया। इस योजना से पौनी पसारी के लोगो को अलग करने का भी षड्यंत्र किया जा रहा है। योजनाओं का नाम बदलना सरकार के मानसिक दिवालियेपन को दर्शाता है। 5 माह में एक भी मौलिक योजना शुरू नहीं कर पाई भाजपा सरकार अब नाम बदल रही है।

### कंपनी कमांडर की हत्या करने वाले दो नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर-रायपुर, 19 मई।** दरभा छसबल कैम्प में पदस्थ कंपनी कमाण्डर की हत्या में शामिल स्मॉल एक्शन टीम के दो नक्सलियों को जैगुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस इन फरार नक्सलियों को कई दिनों से तलाश कर रही थी। पुलिस ने बताया कि छसबल कैम्प दरभा में पदस्थ कंपनी कमाण्डर तिजाउ राम भुआर्य की हत्या में शामिल स्मॉल एक्शन टीम के दो नक्सलियों डीएकेएमएस अध्यक्ष दशरू आरकी नरगोपारा जैगुर व मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर मंगलू कवासी डोंगरापारा जैगुर थाना जांगला को सूचना के आधार पर शुक्रवार को जैगुर से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि उक्त नक्सली छसबल कंपनी कमाण्डर की हत्या सहित 7 फरवरी 2024 को बेंचरम में स्थापित जिओ मोबाइल टावर में आगजनी व 8 मार्च 2024 को तेलीपेंटा के ग्रामीण पुसू हेमला की हत्या में भी शामिल थे। पकड़े गए नक्सलियों के विरुद्ध जांगला थाना में वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। सुरक्षा बल के जवानों ने विस्फोटक के साथ एक नक्सली को गिरफ्तार किया। जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत कुटरू थाना व छसबल दरभा की संयुक्त टीम दरभा क्षेत्र में चल रहे सडक़ निर्माण कार्य व सर्चिंग पर निकली हुई थी।

# बच्चों की प्रतिभा को निखारने स्कूलों में समर कैंप का आयोजन

**रायपुर 19 मई।** कहीं दीवारों पर तो कहीं किताबों पर नन्हे हाथों से ड्राइंग करते दिखाई दे रहे हैं बच्चे। कोई गा रहा है, कोई डांस कर रहा है और कोई अभिनय। पत्तों से कलाकारी, सब्जियों से चित्रकारी, रंगीन चावल की कला, मिट्टी से खिलौना निर्माण, धागे से डिजाइन बनाना और मुखौटा निर्माण जैसी रोचक गतिविधियों में बच्चे डूबे हुए हैं। अलग-अलग भाव के साथ बच्चों के चेहरे पर विजय मुस्कान दिखाई दे रही है।

यह नजारा है छत्तीसगढ़ राज्य की स्कूलों का। गर्मी की छुट्टियों में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने बच्चों में रचनात्मकता के लिए सकारात्मक व नवाचारी पहल की है। बस्तर, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर व सरगुजा संभाग तक बच्चे खुशनुमा माहौल में खेल-खेल में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान सीखने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिश को छत्तीसगढ़ के स्कूलों के माध्यम से बालक-पालक व शिक्षकों तक पहुंचाने का यह अनूठा तरीका है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों का मनोरंजन के साथ स्वस्थ वातावरण में उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उभारना और उनमें आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। समर कैंप को सफल बनाने सचिव श्री परदेसी द्वारा प्रतिदिन एक-एक कड़ी जोड़ी जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ को जहां प्रदेश में स्वेच्छा से समर कैंप आयोजित करने कहा गया है। वहीं खेल संघो एवं अन्य संस्थाओं को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। यह उल्लेखनीय है कि समर कैंप बच्चों के एक साथ आने और मौज मस्ती करने का एक विशेष शिविर है। वे घर से दूर सुरक्षित वातावरण में नए साहसिक प्रयास करते हैं और नई चीज़ सीखते हैं। इस प्रकार उनमें स्वतंत्रता की भावना विकसित होती है। वे नए दोस्त भी बनाते हैं और मेल जोड़ बढ़ाते हैं, जिससे उनके सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास का विकास होता है।



राज्य में ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप का आयोजन सुबह 7 से 9.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। यह कैंप पूर्णतः स्वैच्छिक है। बच्चों के लिए यह बहुत अच्छा कार्यक्रम है। सभी बच्चों में कुछ न कुछ प्रतिभा होती है। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से उनका परिणाम भी बेहतर होता है। स्कूल शिक्षा विभाग के कुशल मार्गदर्शन में लोक शिक्षण संचालक श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के संयोजन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के त्वरित क्रियान्वयन हेतु संभाग व जिले के अधिकारियों को प्रशासनिक व वित्तीय प्रशिक्षण भी प्रशासन अकादमी के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है।

# छुईपाली व ढांक टोल प्लाजा टैक्स फ्री नहीं किया तो उग्र प्रदर्शनः संजय चौधरी

**सरायपाली 19 मई।** सरायपाली से रायपुर तक 156 किलोमीटर की दूरी में 3 टोलनाके क्रमशः छुईपाली, ढांक व मंदिर हसौद स्थापित है। सरायपाली के लोगों को आने जाने में ही काफी रकम सिर्फ टोल टैक्स देना होता है। जो भारी पड़ने लगा है। विभाग व एनएचएआई के एक ही राजमार्ग 53 पर अलगङ्कअलग नियम लागू किये जाने का अब सरायपाली के वाहन मालिक, नगरवासियों, ग्रामीण जनों, विभिन्न समाज, व्यापारी, व्यवसायी व राजनैतिक दलों व युवाओं द्वारा विरोध शुरू कर दिया गया है। इन सभी का कहना है कि राजमार्ग 53 पर ही बरगढ़, छुईपाली ढांक, मंदिरहसौद व दुर्ग पर टोलनाका निर्मित है। दुर्ग व बरगढ़ में स्थानीय वाहन मालिको को (गैर व्यवसायिक) निशुल्क सुविधा दी गई है जबकि छुईपाली व ढांक में स्थानीय वाहन मालिकों से मंथली चार्ज लिया जा रहा है। जबकि नियमतः यह भी नहीं लगना चाहिए। दुर्ग व बरगढ़ की तरह यहां भी छूट दिए जाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इस हेतु सभी क्षेत्रवासियों व लाभान्वित होने वाले वाहन मालिकों की आज कल में एक वृहद बैठक आयोजित की जा रही है। जिसमे छुईपाली व ढांक टोलनाका को स्थानीय लोगों के लिए फी किये जाने पर चर्चा की जायेगी। कलेक्टर व टोलनाका प्रबंधक को ज्ञापन दिया जायेगा व समयावधि के भीतर टोल फ्री नही किये जाने की स्थिति में टोलनाका में चक्काजाम किये जाने जैसे आंदोलन पर भी सहमति बनाई जायेगी। इस अभियान को गति दिए जाने हेतु एक व्हाट्सएप ग्रुप का भी निर्माण किया गया है जिसमे अभी तक लगभग 1200 सदस्य स्वतः जुड़ चुके हैं। यह क्षेत्रवासियों की एकता व नाराजगी का प्रमाण है।



इस संबंध में युवा वर्ग का नेतृत्व करने वाले संजय चौधरी ने बताया कि पिछले काफी वर्षो से टोलफ्री किये जाने की आवाज विभिन्न मंचो से उठाई गई थी।किंतु आशातीत सफलता नहीं मिल पाई थी। आज इस मांग की बहुत ही आवश्यकता महसूस होने लगी है। जब अन्य टोल नाकों में स्थानीय लोगों को यह सुविधा प्रदान की गई है तो हमें क्यों नहीं मिलनी चाहिए। अतिशीघ्र ही मांगो के समर्थन में बड़ा व सकारात्मक आंदोलन लोकतांत्रिक तरीके से किया जायेगा। व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष सुशील जैन ने बताया कि पूर्व में व्यवसायिक वहां चालको द्वारा भी टोलनाका के समक्ष प्रदर्शन किया गया था।

### विकास कार्यो के लिए पेड़ों की कटाई करने पहुँचे वनविभाग के कर्मचारियों का मोहल्ले वासियो ने किया विरोध

**जगदलपुर 19 मई।** जगदलपुर शहर के इंदिरा वार्ड 16 के इतवारी बाजार में आज एक बार फिर जमकर मोहल्ले वासियो ने जिला प्रशासन का विरोध किया है। बता दे कि की इंदिरा वार्ड के इतवारी बाजार में मल्टीलेवल पार्किंग सहित दुकाने बनाई जा रही है। जिसको ले कर मोहल्ले के कई घर को प्रशासन द्वारा तोड़ा गया था, उस वक्त भी जमकर स्थानीय लोगो ने विरोध किया था। अब वहाँ मौजूद पेड़ की कटाई करने प्रशासन द्वारा वनविभाग के कर्मचारियों को भेजा गया था, जिसका मोहल्लेवासियों ने विरोध किया है।जानकारी देते हुए वार्डवासी आनंद झा ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा विगत कुछ वर्षों में इतवारी बाजार के लोगो के सर से उनकी छत को छीना गया था जिसको ले कर अपनी हक के लिए हमने लड़ाई लड़ी थी, विगत कुछ माह पहले भी पेड़ की कटाई को ले कर हमने विरोध किया था जिस पर प्रशासन द्वारा पेड़ ना काटने का आश्वासन दिया गया था, आज एक बार फिर जिला प्रशासन के इशारे पर वनविभाग के कर्मचारियों के द्वारा आज इतवारी बाजार पहुँचकर पेड़ काटने का काम प्रारंभ किया जाना था, जिसका सभी मोहल्लेवासियों ने जमकर विरोध किया है।

मोहल्ले में मौजूद एक मात्र यह पेड़ ही हम सभी मोहल्लेवासियों का आसरा है। पूजा पाठ करने का प्रतीक है। एक ओर शहर में पेड़ो की कमी होते जा रही है तो वही प्रशासन मोहल्लेवासियों की संजीवनी को भी हटाने का कार्य कर रही है। एक ओर सरकार पर्यावरण के लिए पेड़ लगाने हेतु जागरूक कर रही है तो दुसरीं ओर प्रशासन पेड़ो को काटने पर जोर दे रही है।

इन दौरान सोनाधर, कृष्णा ठाकुर,कृष्णा, गनपत,बाबा खान,मधु,कुमति,उषा,राजमणि सहित अधिक संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

# कलेक्टर ने जल संरक्षण के लिए सहयोग करने की अपील की

**धमतरी 19 मई।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की पहल पर जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्था, समाज सेवी सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों को एक साथ जोड़कर रचनात्मक, सहयोगात्मक कार्य के लिए 'साथी' मंच तैयार किया गया है। कलेक्टर सुश्री गांधी ने इस संबंध में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने गंभीर भू-जल समस्या के बारे मे जानकारी देते हुए बातया कि आज देश के कई राज्यों सहित धमतरी जिले में पानी की समस्या विकराल रूप ले रही है। अब समय आ गया है कि हम सब इस दिशा में जागरूक बनें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने बताया कि जिले में आगामी 21 मई से 15 जून तक जल जगार उत्सव मनाया जायेगा, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामों में जाकर 'नारी शक्ति से जलशक्ति कैच द रैन' थीम पर जागरूकता लायी जाएगी। इसके तहत जिले के विभिन्न पंचायतो में गिरते भू जल स्तर में सुधार एवं ऐसे पंचायत जिनमें पानी की समस्या अथवा हैंडपंप पूरी तरह से सूख चुका है उन गांवों को चिन्हांकित किया जाएगा। साथ ही वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर एवं ग्राउंड वाटर रिचार्ज के लिए विभिन्न सरंचना बनाकर भू जल स्तर को बढ़ाने की ग्रामीणों को समझाईश दी जाएगी।

कलेक्टर सुश्री गांधी ने सभी सामाजिक और स्वयं सेवी संस्थाओं से आग्रह किया कि वे जल संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए कम से कम एक गांव में भू-जल स्तर में सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों में अपनी सहभागिता दें। इस कार्य में जिला प्रशासन आपका पूरा सहयोग करेगा। कलेक्टर ने कहा कि आप सभी अपने घरों एवं मिल आदि में रूफटॉप स्ट्रक्चर एवं रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाएं और आसपास के लोगों को भी लगाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर उपस्थितों द्वारा जल बचाने के लिए शपथ भी ली। शपथ में कहा गया कि हम पानी बचाने और उसके सही इस्तेमाल, पानी की हर बूंद का ख्याल रखेंगे, ''कैच द रेन'' अभियान को बढ़ावा देंगे, पानी को अनमोल संपदा मानेंगे और इसका सही इस्तेमाल करेंगे., हम अपने परिवार, पड़ोसियों और अधिकारियों को भी पानी का सही इस्तेमाल करने और उसे बर्बाद न करने के लिए प्रेरित करेंगे, यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकते हैं और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं।



बैठक में नगर के चौक-चौराहों और बगीचों के सौंदर्यीकरण हेतु नगरनिगम द्वारा तैयार की कार्ययोजना का भी पावर प्वाईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। साथ ही इन चौक-चौराहों और बगीचों के सौंदर्यीकरण को बचाये रखने के लिए सामाजिक संस्थाओं से अपील की गई कि वे इसकी देख-रेख और संचालित करने की जिम्मेदारी उठायें। इसके साथ उन्होंने आगामी मानसून के पूर्व किए जा रहे वृक्षारोपण के तैयारियों की चर्चा की और इसमें भी संस्थाओं के सहयोग की अपेक्षा की। इसके अलावा बैठक में जल संरक्षण संबंधी प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय, वनमण्डलाधिकारी श्री श्रीकांत जाधव, आयुक्त नगरपालिक निगम श्री विनय पोयाम, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल सहित विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने उपस्थितों को जानकारी देते हुए बताया कि जिले में आयोजित होने वाले जल जगार कार्यक्रम में लोगों को जल संरक्षण संबंधी मोनो/लोगोयुक्त टोपी, टीशर्ट, पॉम्पलेट, मग, स्टीकर, कीरिंग इत्यादि के जरिए जागरूक किया जायेगा। आप सभी इन सामग्रियों का उपयोग कर अपने-अपने स्तर पर इस पुनीत कार्य में योगदान दे सकते हैं।

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज बैठक में दौरान मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम लुगे की शिक्षिका श्रीमती रंजीता साहू और उनके पति श्री तुमनचंद साहू का शॉल-श्रीफल, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। दरअसल उक्त साहू दम्पत्तियों द्वारा जल संरक्षण के लिए स्वयं के खर्च पर अपने खेत में 30 लाख लीटर कैपेसिटी का तालाब बनाया है। उनका मानना है कि प्रकृति में निहित जल थल धरती आकाश अग्नि के हम सब कर्जदार हैं। इस लिए हमारा प्रयास प्रकृति को जितना हो सके संरक्षण करने का है इसी उद्देश्य से उन्होंने एक छोटे से तालाब का निर्माण कराया, जिससे वे अपने जीवन में जितने जल इस्तेमाल करते हैं उतने जल का संरक्षण तालाब के माध्यम से करते हैं।

## एक नजर

### पांचवी तक पढ़ने वाले घनाराम साहू ने 12 पुस्तकों की रचना की

भखारा, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम जोरातराई (अ) निवासी घना राम साहू ने



चर्चा के दौरान बताया कि गाँव के प्राइमरी स्कूल के कक्षा पांचवी तक ही पढ़ाई किया हूं बचपन से ही रेडियो में कविता कहानी सुनने कि आदत बना और रेडियो को मित्र बनाया साथ ही बुजुर्गों से पूछा और शास्त्रों का अध्ययन कर लेखन कार्य शुरू किया सन् 1984 से लेखनी का कार्य करते आ रहे है। उनकी सफलता के लिए 2006 में राज्यपाल महामहिम द्वारा उनकी लिखे गए पुस्तकों के लिए पुरस्कृत किया गया। उन्होंने 12 पुस्तके लिख डाले है जिसमें पंचकोशो धाम पत्रिका,कर्मा माता के लीला,कर्मा माता के पुजा पद्धति,छत्तीसगढ़ के पीरा ( कविता),नर झुके नौकरी,मां तेलीन सत्ती की महिमा,कागज के हजार रुपया मोल,धरती दाई के दरद (कविता) ,नरसिंग सिंह चरित्र (बिडाल भगवान), राजिम प्रयाग, नंद यशोदा कि पुत्री,जय माँ विध्यवासिनी,जय जगन्नाथ की झांकी दर्शन जैसे 12 पुस्तकों के रचना कर चुके हैं और आगे कहा कि यह मेरा सौभाग्य की बात है जो की मैं ऐसा लेखन करता हूं और आगे करता रहूंगा।

### बालको पुलिस ने दबोचा बाइक चोर गिरोह को

**कोरबा 19 मई।** बालको पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य को पकड़ा है। उनके पास से 4 दोपहिया जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में आकाश भिंगराज पिता सहदेव भिंगराज (20) अजाद नगर बालको और राकेश बघेल उर्फरक्का पिता स्व. सुखदेवानंद बघेल (21) क्वा. नंबर ए 596 बालको शामिल हैं। प्रार्थी विरेंद्र कुमार खुंटे निवासी अंबेडकर चैक के पास भदरापारा बालको ने थाना में उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बालको कंपनी के अंतर्गत ठेका कंपनी एल एंड टी में हेल्पर के पद पर काम करता है। 21 अप्रैल को वह अपने मोटर साइकिल पैशन प्रो क्रमांक सीजी 12 एडी 7882 को लेकर ड्यूटी हेतु बालको प्लांट के प्रोजेक्ट गेट के पास स्थित पार्किंग में प्रातरू 8.30 बजे खड़ा करके हैंडल लॉक करके प्लांट अंदर ड्यूटी करने चला गया। ड्यूटी समाप्त होने के बाद शाम 6.20 बजे आकर देखा तो उसकी उक्त मोटर साइकिल वहां पर नहीं था। कोई अज्ञात चोर उक्त मोटर साइकिल को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवचेना में लिया गया। पेट्रोलिंग गस्त दौरान उक्त चोरी गये मोटर साइकिल में एक व्यक्ति जिसने अपना नाम पूछने पर आकाश भिंगराज बताया, उसके साथ एक अन्य मोटर साइकिल प्लेटिना में राकेश बघेल उर्फरक्का नाम का लडका मिला। जिनसे उक्त गाडियों के संबंध में पूछताछ करने पर संतुष्टि जनक जवाब नहीं मिला। उक्त गाडियों के काजगात भी उनके पास नहीं थे, जो उक्त दोनों को तलब कर थाना लाया गया। जिनसे स्वतंत्र साक्षियों के समक्ष पूछताछ करने पर दोनों के द्वारा मिलकर 3 मोटर साइकिल एवं 1 स्कूटी को अलग-अलग तारीखों में अलग-अलग स्थान से चोरी करना बताया। उनके पास से 3 मोटर साइकिल एवं 1 स्कूटी बरामद किया गया। दोनों आरोपीयों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर भालू ने किया हमला

**कोरबा 19 मई।** कोरबा जिले में बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टापरा के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर भालू ने हमला कर दिया। जंगल में दो भालू के हमले में महिलाए गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण महिलाएं तेंदुपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की ओर गयी थी। इसी बीच एकाएक भालुओ ने उन पर हमला कर दिया, उक्त भिडंत में महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई है। बताया जा रहा हैं की हमले में चंद्रमति कंवर नामक महिला निवासी ग्राम टापरा के दोनों पैर में भालुओं ने गहरे घाव कर दिए है। वहीं अन्य महिला फूल कुंवर नामक महिला के बाएं जांघ में हमला किया है। पूरे घटना की सुचना ग्रामीणों द्वारा डायल 112 को दी गई, जिसके बाद मौके पर त्वरित रूप से आरक्षक रोहित पाटले 262 एवं चालक पुर्णेश गवेल ने पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल के लिए रवाना किया जहा घायलों का उपचार जारी है।

### नगर पंचायत छुरीकला अध्यक्ष पद को लेकर चर्चा शुरू

**कोरबा 19 मई।** नगर पंचायत छुरीकला की तत्कालीन अध्यक्ष नीलम अशोक देवांगन के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने से कुर्सी छोडने के बाद अब तक अध्यक्ष नहीं बनाए जाने से पिछले तीन माह से अध्यक्ष की कुर्सी रिक्त पड़ी है। मनोनीत अध्यक्ष बनाने के लिए पार्षदों द्वारा शासन-प्रशासन से मांग किया जा चुका है । बता दें कि 28 फरवरी को नगर पंचायत छुरीकला अध्यक्ष के खिलाफपार्षदों का अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाने के बाद अध्यक्ष पद रिक्त हो गया। तीन माह बीत जाने के बाद नया अध्यक्ष नहीं बनाए जाने से अध्यक्ष पद रिक्त पड़ा है। नये अध्यक्ष के मनोनयन को लेकर पार्षदों द्वारा बैठक आयोजित कर आपसी तालमेल व समझौता से महिला पार्षद को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री से भेंट कर 10 पार्षदों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा जा चुका है। लोकसभा चुनाव के कारण अध्यक्ष का मनोनयन रोक दिया गया, लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद एक बार फिर अध्यक्ष पद को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अध्यक्ष के लिए एक पार्षद द्वारा प्रमुखता से दावेदारी किया जा रहा है, जिसके लिए पार्टी के आला नेता व मंत्री को मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

# तीरंदाजी,एथलेटिक्स सहित कई खेलों के लिए ट्रेनिंग कैंप, तैयारी में जुटे खेल संघ

**कोरबा, 19 मई।** सरकार से पंजीकृत और मान्यता प्राप्त खेल संघों को एक बार फिर अवसर दिया जा रहा है कि वे खिलाडियों की दक्षता में निखार लाएं। ग्रीष्म अवकाश में 15 दिन की अवधि में ऐसे शिविर कई स्थान पर लग रहे हैं। तैयारी में खेल संघ जुटे हैं।

20 मई से 5 जून तक ये कैंप चलेंगे। यहां पर खिलाडियों को खेलों से संबंधित तकनीकी जानकारी दी जाएगी। उन पक्षों को विशेष रूप से समझाया जाएगा जिनमें खेलने के दौरान अक्सर त्रुटि हो जाती है और नतीजे विपरित आते हैं। सरकार के खेल और युवा कल्याण विभाग को ट्रेनिंग कैंप के लिए जिम्मेदारी दी गई है। इस काम को खेल संगठनों से समन्वय कर किया जाना है। कैंप का शेड्यूल जारी होने के साथ जरूरी तैयारियां शुरू कर दी गई है। खिलाडियों को अवगत कराने के साथ इन्हें बता दिया गया है कि निश्चित समय पर खेल मैदानों में उपस्थिति दर्ज करानी होगी। ट्रेनिंग कैंप में क्रिकेट, फुटबाल, म्यूथाई, हॉकी, बेसबॉल, वॉलीबॉल, किक बाक्सिंग, कराटे, कबड्डी, एथलेटिक्स, खो-खो, टेबल टेनिस, मार्शल आर्ट, मलखम, तीरंदाजी समेत कई खेलों का प्रशिक्षण विशेषज्ञता प्राप्त प्रशिक्षकों की ओर से दिया जाएगा। सरकार की योजना के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को प्रतिदिन मानक के अनुसार जलपान भी उपलब्ध कराया जाएगा। उद्देश्य यही है कि गर्मी की छुट्टियों का बेहतर उपयोग करने के साथ खिलाडियों को उनकी अभिरूचि वाले खेलों के मामले में दक्ष किया जाए। ऐसा होने पर आने वाले समय में अलग-अलग स्तर पर आयोजित होने वाले टूर्नामेंट में उनका खेल कौशल अलग से दिखेगा और वे जीतने में सफल होंगे।



### खदानों का विस्तार जारी: दर्राखांचा में जमीन की नाप-जोख के साथ खोदाई कार्य शुरू

# भूविस्थापितों के मामले अटके, हैवी ब्लास्टिंग से कई इलाके खतरे में

**कोरबा, 19 मई।** कोयला की बढ़ती जरूरत को पूरा करने के लिए खदानों का विस्तार जारी है। एसईसीएल गेवरा परियोजना को विश्व की सबसे बड़ी कोल माइंस का दर्जा मिलने के साथ इसका दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कुछ महीने पहले दर्राखांचा की जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया। औपचारिकताओं की पूर्ति कई मामलों में बची हुई है। लेकिन कामकाज शुरू होने से लोग परेशान हैं। खासतौर पर गांव के नजदीक ही खोदाई शुरू किये जाने से पानी से जुड़ी समस्याएं पैदा हो गई है।



हरदीबाजार के नजदीक बसे दर्राखांचा गांव तक कोलफील्ड का विस्तार किया जा रहा है। गेवरा परियोजना को इस इलाके तक बढ़ाने की मानसिकता पहले से थी और आखिरकार इसे परवान चढ़ाने के लिए कदम बढ़ा दिए गए। बताया गया कि 450 से ज्यादा मकान इस क्षेत्र में मौजूद हैं जो विस्तार की जद में आए हैं। भूअर्जन के बाद की प्रक्रिया को लेकर इलाके की नापजोख कंपनी व सरकार के राजस्व विभाग की ओर से की गई है। लोग बताते हैं कि अरसा पहले यह काम पूरा हो गया लेकिन संबंधित लोगों को इस बारे में पावती नहीं दी गई जिससे कि पता चल सके कि उनकी कितनी जमीन का सर्वे करने के साथ इसे प्रतिपूर्ति के लिए शामिल किया गया है। मुआवजा कब मिलेगा, इसे लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इंतजार किया जा रहा था कि प्रक्रियाएं जल्द पूरी होगी लेकिन पाली एसडीएम रूचि सार्दुल का तबादला होने से चीजें बिगड़ गई। वहीं गांव के कुछ इलाके ऐसे हैं जहां पर महज 5-10 मीटर से आगे ही एसईसीएल ने विस्तार के अंतर्गत शुरुआती खोदाई का काम प्रारंभ करवा दिया है। इसके कारण कई प्रकार के दुस्वारियों को यहां फैलने के लिए जगह नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि जल स्तर को लेकर पहले से ही शिकायतों की चिंता निराकरण करने को लेकर किसी भी स्तर पर ध्यान नहीं दिया गया। अब जबकि खनन से जुड़ी प्रक्रियाओं को गति दी जा रही है ऐसे में परेशानियों को और मजबूती मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब राष्ट्रीय उत्थान और इंधन की जरूरत की पूर्ति के लिए इस इलाके से कोयला की निकासी करना ही है तो फिर लोगों को और ज्यादा परेशान करने की क्या जरूरत। उन्होंने तर्क दिया कि क्यों न विस्थापन के साथ-साथ मुआवजा और पुनर्वास व रोजगार जैसी प्रक्रियाओं को भी पूरी रफ्तार से संपन्न किया जाए। ऐसा करने से हमार परेशानी कम होगी और प्रबंधन को अनावश्यक चुनौतियों से नहीं जूझना पड़ेगा।

कोरबा जिले के अंतर्गत चार क्षेत्रों में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खुली खदानें चल रही है। यहां पर कोयला खनन से संबंधित गतिविधियों के लिए विस्फोटक का इस्तेमाल करते हुए ब्लास्टिंग हर रोज की जाती है। इसके लिए चरणबद्ध कार्यक्रम बनाया गया है। एसईसीएल को भले ही सुरक्षा मानक पर ध्यान रखते हुए इस काम को करना है लेकिन ब्लास्टिंग के प्रभाव बड़े हिस्से तक हो रहे हैं। खदानों के आसपास रिहायशी क्षेत्र के साथ-साथ जल स्तर पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। एसईसीएल की मानिकपुर से लेकर कुसमुंडा, गेवरा और दीपका विस्तार खदानों के इर्द-गिर्द हजारों की आबादी निवासरत हैं जो अपने कच्चे-पक्के मकानों में दरार आने से लेकर वहां के जल स्तर के काफी नीचे खिसकने से दिक्कत में हैं।

एसईसीएल की कुसमुंडा, गेवरा और दीपका विस्तार परियोजना के कामकाज को बढ़ाने के लिए बीते वर्षों में क्षेत्र की जमीन ली गई है। स्थानीय स्तर पर पर्यावरणीय जनसुनवाई पूरी होने और रिपोर्ट आगे जाने के साथ इसे भारत सरकार से क्लीरेंस भी मिल गया। जमीन का मसला निराकृत होने से एसईसीएल ने संबंधित क्षेत्रों में कोयला उत्पादन शुरू कर दिया है लेकिन सैकड़ों की संख्या में भूविस्थापितों के रोजगार समेत दूसरे मसले अटके पड़े हैं। ऐसे लोग अधिकार की मांग को लेकर चक्कर लगाने को मजबूर हैं। प्रबंधन और प्रशासन पर बार-बार आरोप लगते रहे हैं कि उनके अधिकारी ऐसे मामलों में संवेदनशीलता का रूख नहीं दिखा रहे हैं। इसलिए आए दिन प्रदर्शन करने की मजबूरी है।

# आउटसोर्सिंग के बहाने गुंडागर्दी पर उतारू हुई स्टारेक्स मिनरल्स

### ओवरमैन को कुचलने की कोशिश, एटक हुई सख्त, दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने की मांग

**कोरबा, 19 मई।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा एरिया के सरायपाली खुली खदान मे नियोजित स्टॉरेक्स मिनिरल्स ठेका कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी मनमानी तरिके से गैरकानूनी एवं अवैधानिक से कार्य को अंजाम दे रहे है। इनको विभागीय सुपरवाइजरों द्वारा सही सलाह देने पर उनको धमकाया जा रहा है। स्टारेक्स के कई वाहन ब्रेक डाउन है, और वह मनमाने तरीके से जोखिम लेकर दूसरों की जान से खिलवाड़ कर रही है।




कोरबा जिले के कोयला खनन क्षेत्र में इस तरह पहला मामला माना जा रहा है जिसमें गलत कार्यों को रोकने के लिए आपत्ति दर्ज करने पर विभागीय कर्मचारी को जान से मारने की कोशिश की गई। इस मामले को लेकर पीडित पक्ष ने पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करने के साथ संबंध दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। ट्रेड यूनियन संयुक्त कोयला खदान मजदूर संगठन की ओर से कोरबा में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक के कार्यालय के सामने नारेबाजी करने के साथ इस विषय पर ज्ञापन सोपा गया। एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा कि आए दिन आउटसोर्सिंग कंपनियों के ठेकेदारों के नुमाइंदों के द्वारा खदानों मे खान अधिनियम मे उल्लेखित प्रावधानों के विपरीत कार्य निष्पादन किया जाता है। वहीं विभागीय सुपरवाइजरों के मना करने के बावजूद येठेका कंपनी के अधिकारी धमकी चमकी देने लगते हैं। उन्होंने आगे कहा कि श्रम संगठन श्रमिकों के हितैषी है और हम चाहते है की श्रमिकों के जो भी अधिकार है मिले है , उस ना छीना जाए । दीपेश मिश्रा ने आगे कहा कि एस.ई.सी.एल. के तहत कोरबा एरिया को वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए जो उत्पादन लक्ष्य दिया गया है वो पूरा कर सके उसके लिए एटक सहयोग करने के लिए पूरी तरह तैयार है। संगठन प्रबंधन से अपील करती है कि श्रमिकों के हितों की उपेक्षा न करे। कहा गया कि 14.5.2024 को सरायपाली परियोजना मे अपने कार्य निष्पादन के दौरान कृष्ण कुमार तिवारी,ओभरमेन के साथ स्टॉरेक्स मिनरल्स ठेका कंपनी के अधिकारी अभिषेक सिंह ने जो बदसलूकी की है, उसके उपर कार्यवाही किया जाए। इस संबंध मे लिखित शिकायत उप क्षेत्रीय प्रबंधक ,सरायपाली को दे दिया गया है। एटक संगठन ने आज कोरबा छेत्र के महाप्रबंधक को इस मसले को लेकर ज्ञापन भी सौंपा है। प्रदर्शन में इनकी रही।

### सतनामी समाज धार्मिक स्थल अमर गुफा महकोनी में स्थित जैतखाम एवं गेट में तोड़फोड़ करने वालों पर अपराध दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 मई।** 15-16 मई के दरम्यान पुलिस चौकी गिरौदपुरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महकोनी में स्थित सतनामी समाज का तीर्थ स्थल अमर गुफा में निर्मित जैतखाम को किसी असमाजिक तत्वों द्वारा काट कर नीचे गिरा दिया गया तथा उसमें लगे लोहे के गेट को भी तोड़ दिया गया। तत्संबंध में थाना गिधौरी में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध तत्काल अपराध क्र. 110/2024 धारा 295 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी की पताशाजी एवं गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश ठाकुर के नेतृत्व में 04 उप पुलिस अधीक्षक की अलग-अलग सशक्त टीमों द्वारा हर दिशा में जांच कार्यवाही कर आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। घटनास्थल एवं आसपास स्थित गांव के ग्रामीणों से लगातार पूछताछ भी जारी है। सांथ ही खोजबीन एवं आरोपियों की पहचान करने में दक्ष डॉग स्क्वायड द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है। इसके साथ ही मामले में 10 अलग-अलग थाना प्रभारियों द्वारा प्रकरण के संबंध में संभावित स्थलों में लगातार दबिश देकर संदिग्धों की धरपकड़ की जा रही है। संपूर्ण जांच कार्यवाही में साइबर सेल की एक्सपर्ट एवं तकनीकी टीम का भी सहयोग लिया जा रहा है। साइबर पुलिस टीम द्वारा संपूर्ण घटनास्थल एवं इसके आसपास के क्षेत्र में तकनीकी विश्लेषण कर आरोपी का पता लगाया जा रहा है। अज्ञात आरोपी के संबंध में पता-तलाश लगातार जारी है। इस बीच शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतनामी समाज वरिष्ठजनों एवं प्रमुखों से भी लगातार चर्चा-परिचर्चा किया जा रहा है, जिसमें उनके द्वारा शांति एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने हेतु शासन-प्रशासन का हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया है। सतनामी समाज धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी का पता लगाने हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है, जिसमें बहुत जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का पटापेक्ष किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति ठप,कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा

**कोरबा, 19 मई।** भले ही कोरबा जिले में बिजली वितरण कंपनी ने कामकाज को सहज और सरल बनाने के लिए व्यवस्था का विक्रेंद्रीकरण किया है और तीन संभाग बना दिए हैं। इसके बावजूद जिले के ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप होने पर सुधार की दिशा में रूचि नहीं ली जा रही है। गर्मी के मौसम में ग्रामीण उपभोक्ताओं को लंबे समय तक बिना बिजली के गुजारना पड़ रहा है जबकि व्यवस्था ठीक करने के लिए वे जोखिम मोल लेने के लिए मजबूर हैं। अजगरबहार, श्यांग, चिर्रा के साथ-साथ पोड़ी उपरोड़ा विकाखंड के अंतर्गत आने वाले दूरस्थ क्षेत्रों में बिजली वितरण की असामान्य व्यवस्था लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई है। मामला तब गंभीर हो गया जब वितरण कंपनी ने पिछली समस्याओं को हल करने के अंतर्गत कई स्थान पर सबस्टेशन बना दिए और आपूर्ति वाली लाइनों को भी विस्तारित किया। समस्याएं गर्मी के मौसम में अलग-अलग कारणों से बढ़ी है लेकिन कुल मिलाकर इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। अंधड़ के असर से पेड़ों के टूटने के कारण बिजली आपूर्ति वाली व्यवस्था बाधित हो रही है। हाल में ही अजगरबहार क्षेत्र में इस तरह की घटना के बाद शिकायत पर भी सीएसईबी ने संज्ञान नहीं लिया तब लोगों ने खुद होकर आपूर्ति बहाल करने के लिए जोखिम ली। अंधेरे में इस तरह का काम करना काफी मुश्किल भरा हो रहा है। लोगों की शिकायत है कि केवल यहां ही नहीं बल्कि दूसरे पिछड़े हुए क्षेत्रों में इस प्रकार की परेशानियां अरसे से बनी है और इस तरफ ध्यान देने को सीएसईबी तैयार नहीं है। उसके पास यही जवाब है कि श्रमशक्ति की कमी है और वह इस स्थिति में बहुत जल्द काम नहीं कर सकता।

### ईएसी कमेटी ने गेवरा मेगा परियोजना का किया दौरा



**कोरबा, 19 मई।** ईएसी कोल कमेटी पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार ने गेवरा मेगा परियोजना का दौरा किया। टीम ने ब्लास्ट-फ्री तकनीक से कोयला खनन का जायजा लिया। पौधरोपण सहित अन्य पर्यावरणीय पहलुओं की समीक्षा की। एसईसीएल दौरे के दूसरे दिन ईएसी (कोल) कमेटी पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सदस्यों डॉ. शरद सिंह नेगी आईएफएस (रिटा.) चेयरमैन ईएसी (कोल), प्रोफ. श्याम शंकर सिंह सदस्य ईएसी (कोल) एवं अमित वशिष्ठ सदस्य सचिव ईएसी (कोल) द्वारा एसईसीएल की गेवरा मेगापरियोजना का दौरा किया गया। कमेटी के सदस्यों ने सबसे पहले व्यू-पॉइंट से खदान की खनन गतिविधियों का जायजा लिया। खदान में उतरकर सदस्यों द्वारा ब्लास्ट-फ्री रिपर तकनीक से ओबी निष्कासन की प्रक्रिया देखी। साथ ही सरफेस माइनर की मदद से पर्यावरण-हितैषी रूप से कोयला खनन देखा एवं सराहना की। दौरे के दौरान कमेटी के सदस्यों ने एसईसीएल में पहली बार मियावाकी पद्धति से हो रहे पौधरोपण कार्य की जानकारी ली। साथ ही गेवरा क्षेत्र की नर्सरी एवं पर्यावरण लैब का भी भ्रमण किया। दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसके मोहंती एवं मुख्यालय से बीके जेना महाप्रबंधकध्विभागाध्यक्ष (पर्यावरण एवं वन) सदस्यों के साथ रहे।

### रैली और यात्रा में युवा मोर्चा ने निभाई अपनी जिम्मेदारी

**कोरबा, 19 मई।** लोकसभा चुनाव में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को प्रत्येक मंडलो में मोटर सायकिल रैली निकालने की जवाबदारी मिली थी भाजपा प्रत्याशी जहां जहां जाते थे वहां पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पहुंचकर मोटर सायकिल रैली निकालते हुए प्रत्याशी को सभा स्थल तक ले जाते थे। रजगामार में भाजपा प्रत्याशी का फिल्टर चैक के निकट स्वागत करते हुए सभा स्थल तक ले जाएगा गया। इस दौरान रैली में दिनेश तिवारी ,धनजंय चैहान, दिनेश प्रजापति ,रामायण राठिया ाहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। बरपाली मंडल के फरसवानी में भी प्रत्याशी का स्वागत रवि साहू, नरेन्द्र बिझंवार, नवीन देवांगन, सजीव वैष्णव के द्वारा किया गया। इसके बाद एक मोटी सायकिल रैली निकालते हुए प्रत्याशी को सभा स्थल तक पहुंचाया गया। इस तरह का कार्य लगभग सभी मंडलो में किया गया। नोनबर्रा में भी युवा मोर्चा की कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए सभी 5 मंडलो से अलग अलग मोटर सायकिल निकाली गई थी।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला-धमतरी (छ.ग.)**

क्रमांक /153/वा/तह./जन्म-मृत्यु/2024
भखारा, दिनांक 07/05/2024
मामले की श्रेणी-ब/121 मृत्यु प्रमाण पत्र
ग्राम- जुगदेही, तहसील भखारा

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहनलाल पिता जनार्दन जाति तेली निवासी ग्राम-जुगदेही को तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक अपनी बहन कुन्ती के जन्म दिनांक 10/10/1990 को होने से विलंबित घटना का मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम पंचायत से अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा पेश किया है। आवेदक को आवश्यक कार्य हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने से मृत्यु के विलंबित घटना का रजिस्ट्रीकरण कराने जन्म-मृत्यु पंजीयक ग्राम जुगदेही को प्रमाण पत्र जारी करने आदेशित किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

उक्त आवेदन पत्र के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या सस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 22/05/2024 के पूर्व दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय अवधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भखारा

### वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर लायंस क्लब एवं श्री शिव औषधालय ने लगाया संयुक्त शिविर

# आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श शिविर का लाभ लोगों ने उठाया

**कोरबा, 19 मई।** 17 मई वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे (विश्व उच्चरक्तचाप दिवस) पर लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में दिनाँक 17 मई शुक्रवार को श्री शिव औषाधलय एमआईजी 20, आरपी नगर फेस 2 निहारिका कोरबा छत्तीसगढ में आयोजित विशेष आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर में अंचलवासी लाभान्वित हुये।



शिविर में विशेष रूप से अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करने वाले लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सचिव, छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अनुभवी आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया की जंकफूड व पित्तवर्धक आहार के आदि हो रहे लोगों में उच्चतरक्तचाप एवं मधुमेह की बीमारी बढ़ती जा रही है। उनमे भी बच्चे और युवा वर्ग में भी इस तरह के लाइफस्टाइल जनित रोगों का बढ़ना चिंता का विषय है। इससे बचाव हेतु जंकफूड एवं पित्तवर्धक आहार से परहेज करना अति आवश्यक है, तभी बच्चे और हमारी युवापीढ़ी इन गंभीर रोगों से बच सकती है। डॉ.नागेंद्र शर्मा ने बताया कि सभी लोग अपनी जीवनशैली में कुछ सकारात्मक परिवर्तन कर इन रोगों से आसानी से बच सकते हैं। जैसे व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में शारिरिक परिश्रम को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जैसे घर के छोटे मोटे कार्यों को स्वयं करना, सुबह व शाम को पैदल चलना, व्यायाम एवं योग करना, बाइक, कार आदि के स्थान पर सायकिल का प्रयोग करना, पिज्जा, बर्गर, चिप्स, कोल्डड्रिक्स जैसे जंकफूड आदि से दूर रहकर, बच्चों को मोबाईल-कम्प्यूटर में गेम के स्थान पर पारंपरिक शारीरिक खेलकूद के लिए प्रेरित कर, छोटी-छोटी आदतों में परिवर्तन कर इन रोगों से सुरक्षा एवं बचाव किया जा सकता है। शिविर में ब्लड प्रेशर तथा रक्त शर्करा के स्तर की निशुल्क जांच कर उससे संबंधित परीक्षित औषधि व अर्जुन टेबलेट भी निशुल्क प्रदान की गई तथा उच्चरक्तचाप एवं समस्त प्रकार के पित्तज रोगों के लिये उपयोगी शीतसुधा शरबत भी निशुल्क पिलाया गया। शिविर में चिकित्सक डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, डॉ. संजय वैष्णव, के अलावा श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा, नेत्रनन्दन साहू, अश्वनी बुनकर, कवि रंजन दास, कमल धारिया, देवबली कुंभकार, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, चक्रपाणि पांडेय, कमला कुंभकार एवं संध्या बरला ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## एक नजर



रायपुर, 19 मई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी बल्लेबाज सुरेश रैना ने आज उपमुख्यमंत्री अरुण साव से निवास में सौजन्य मुलाकात की।

### संक्रामक रोगों की रोकथाम करने बैठक 20 को

**रायपुर, 19 मई।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार र नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में उत्पन्न होने वाले संक्रामक रोगों जैसे उल्टी - दस्त, डेंगू, पीलिया, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि संक्रामक रोगों की रोकथाम हेतु एक आवश्यक बैठक दिनांक 20 मई को प्रातः 10 बजे रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में रखी गयी है।

### बुद्ध जयंती पर मांस-मटन विक्रय प्रतिबंधित

**रायपुर, 19 मई।** नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में बुद्ध जयंती पर्व 23 मई को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है।

### सकल जैन समाज ने किया सवा पांच लाख नवकार जाप

**रायपुर, 19 मई।** जैन संवेदना ट्रस्ट के आव्हान पर भगवान महावीर कैवल्य कल्याणक दिवस प्रत्यर्थ विश्व के सकल जैन समाज ने गोदोहासन मुद्रा में नवकार जाप कर वीर प्रभु से हिन्सा मुक्त समाज, भाईचारे व सुख समृद्धि हेतु की प्रार्थना की। भगवान महावीर स्वामी ने दीक्षा ग्रहण कर साढ़े बारह वर्ष तक साधना की व वैशाख शुक्ल दसमी के शुभ दिवस ऋजुबालिका नदी के तट पर शाल वृक्ष के नीचे गोदोहासन मुद्रा में काउसगग ध्यान करते हुए केवल ज्ञान की प्राप्ति की थी। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि वीर प्रभु ने सदैव विश्व कल्याण की कामना की थी। अतः विश्व भर के जैन समाज ने कैवल्य मुद्रा गोदोहासन में नवकार महामन्त्र का जाप कर विश्व में हिन्सा मुक्त समाज व भाईचारे समृद्धि के लिए प्रार्थना की है। भक्त की प्रार्थना में बड़ी शक्ति होती है। महेन्द्र कोचर ने बताया कि बच्चों को महावीर स्वामी के केवल ज्ञान व गोदोहासन के बारे में ज्ञान अभिवृद्धि हुई, बच्चों ने उत्साहपूर्वक परिवार के साथ नवकार जाप में भाग लिया।

### निधन

#### मनीष ठाकुर

**रायपुर, 19 मई।** सुंदर नगर निवासी मनीष ठाकुर (उम्र 59 वर्ष) का आकस्मिक निधन 18 मई को हो गया। वे स्वाधीनता संग्राम सेनानी स्व. हरि ठाकुर के पुत्र और पत्रकार आशीष सिंह के अनुज थे। वे अपने पीछे पुत्र भारतेन्दु और वैदिक को छोड़ गए हैं। अन्तिम संस्कार आज प्रातः 10 महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया। अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी एवं कार्यकारिणी सदस्यों सहित प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।



# हर लहर रेत को, हर दीये को हवा... जिंदगी को भी हर सांस छलती रही...




पिछले 2019 के लोक सभा चुनाव में 70 से 75 वर्ष की आयु के भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की टिकट इसलिये काटी गई थी कि वे वरिष्ठ हो गये थे उन्हें मार्ग दर्शक मंडल में शामिल कर दिया गया था। पितृपुरुष लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महा जन (इंदौर मप्र), रमेश बैस (रायपुर छत्तीसगढ़) आदि शामिल रहे। बाद के केरल विधान सभा के चुनाव में 88 साल के मेट्रोमैन श्रीधरन को सीएम पद का उम्मीद वार घोषित किया गया था क्यों! वैसे इस फैसले से तो यही लगता है कि 2019 में कुछ चुने हुए नेताओं को उम्र की आड़ में निशाना बनाया गया था? लालकृष्ण आडवाणी मुख्य रूप से शामिल थे। मेट्रोमैन श्रीधरन की आयु 88 साल थी, पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि 75 वर्ष से अधिक आयु के नेता ओं को मार्गदर्शक मंडल में होना चाहिये? बेमुल्ला एवं उन्ना दलित आंदोलन के बाद दलितों में भाजपा के प्रति उपजे असं तोष को दूर करने भाजपा ने रामनाथ गोविंद को देश का राष्ट्रपति बनाया था, इन्हीं कोविंद साहब को भाजपा ने 2014 के लोस चुनाव में



कानपुर देहात (उत्तरप्रदेश) से टिकट देने से मना कर दिया था। वैसे भाजपा के पास राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति के लिए आडवाणी/मुरलीमनोहर जोशी से बेहतर विकल्प नहीं था क्योंकि भाजपा को दोनों ने अपनी मेहनत पसीने से सींचा था, पर लगता है कि सोची समझी रणनीति के तहत दोनों को ठिकाने लगाया गया थाज। देश में एक ही लोकसभा से जीतने का रिकार्ड बनाने वाली लोकसभा अध्यक्ष रही सुमित्रा महाजन तथा रमेश बैस को भी पिछले लोस चुनाव में प्रत्याशी नहीं बनाया गया। रमेश बैस तो दिग्गज नेता विद्याचरण शुक्ल, पूर्व सीएम श्यामाचरण शुक्ल तथा छग के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को भी पराजित करने का भी रिकार्ड रहा है। उन्हें यदि 2019 में लोस प्रत्याशी बनाया जाता और वे जीत जाते तो कॉग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे विद्याचरण शुक्ल की जीत के रिकार्ड की बराबरी कर लेतेज खैर रमेश बैस को तो राज्यपाल बनाया गया है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि रमेश बैस 7 बार सांसद रह चुके हैं, वे 2 अगस्त 1947 को जन्मे थे। पीएम नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर 1950 को जन्में हैं और लोस चुनाव 24 के परिणाम के 2 महीने बाद 75 साल के हो जाएंगे, वैसे दिल्ली के सीएम अर विंद केजरीवाल ने तो कहा है कि यदि भाजपा नीत सर कार बनती है..? तो मोदी नहीं, अमित शाह अगले पीएम बनेंगे, पर अगली सरकार इंडिया गठबंधन की बन रही है।

### छग में 20 साल बाद 2 कांग्रेसी सांसद बने थे...

2019 के लोस चुनाव में छत्तीसगढ़ में भी राष्ट्रवाद, देश के स्वाभिमान की रक्षा, नरेन्द्र मोदी के मुकाबले कौन आदि का प्रभाव तो पड़ा साथ ही छ्ग के 10 मौजूदा सांसदों की टिकट काटने का प्रयोग भी सफल ही रहा था। लोस चुनाव के 6 माह पूर्व 68 विधायकों के साथ सरकार बनानेवाली कांग्रेस को केवल 2 लोक सभा सीटों से संतोष करना पड़ा, भाजपा के 9 सांसद विजयी रहे, वैसे एक बात तो तय है कि 20 साल बाद कांग्रेस एक से दो हो गई थी।जिस तरह से राष्ट्रवाद की आंधी में राहुल गांधी (अमेठी) मल्लिकार्जुन खडगे, ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, शीला दीक्षित, भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, हरीश रावत, अशोक चौव्हाण, सुशील कुमार शिंदे को पराजय का सामना करना यह जरूर सोचनीय रहा। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पश्चात भाजपा लगातार 2004, 2009 तथा 2014 के लोस चुनाव में 11 में 10 सीटे जीतती रही। 20 04 में अजीत जोगी, 20 09 में डॉ. चरणदास महंत तथा 2014 में ताम्रध्वज साहू ने अपनी जीत दर्ज कर कांग्रेस की लाज बचाई थी। इस 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने 2 सीटें जीती थी तो भाजपा को 9 सीटों पर सफलता मिली, रायपुर से सुनील सोनी (भाजपा) 3 लाख 48 हजार 238, दुर्ग से विजय बघेल (भाजपा) 3 लाख 91 हजार 978, राजनांदगांव सेसंतोष पांडे (भाजपा) 1 लाख 11 हजार 996, बिलासपुर से






अरूण साव (भाजपा) 1लाख 41 हजार 763, कांकेर से मोहन मंडावी (भाजपा) 6हजार 914, जांजगीर से गुहा राम अज गले (भाजपा) 82 हजार 378, महासमुंद से चुन्नी लाल साहू (भाजपा) 90 हजार 511, रायगढ़ से गोमती साय (भाजपा) 66 हजार 27, सरगुजा से रेणुका सिंह (भाजपा) एक लाख 57 हजार 873 मतों से विजयी रहे तो कोरबा से ज्योत्सना चरणदास महंत (कांग्रेस) 26 हजार 349 तथा बस्तर लोकसभा से दीपक बैज (कांग्रेस) 38 हजार 982 मतों से जीतने में सफल रहे थे। वैसे उस लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवाद की आंधी ने मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष सहित मंत्रियों के विधानसभा क्षेत्र में भी कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशियों को लीड नहीं मिल सकी थी। केवल आदि वासी समाज के नेता, मंत्री कवासी लखमा, पिछड़ा वर्ग के नेता उमेश पटेल के विस क्षेत्र में जरूर कांग्रेस की बढ़त कायम रही थी। तब के सीएम भूपेश बघेल के पाटन विस में 22हजार, वरिष्ठ मंत्री रहे टीएस सिंह देव के अंबिकापुर में 10 हजार, गृहमंत्री रहे ताम्र ध्वज साहू के दुर्ग ग्रामीण में 18 हजार, लोस प्रत्याशी (महासमुंद) धनेन्द्र साहू के अभनपुर विस में 22 हजार, मंत्री रहे रविन्द्र चौबे के साजा में 27 हजार, सत्य नारायण शर्मा के रायपुर ग्रामीण में 43 हजार से कांग्रेस पिछड़ गई थी तो कवर्धा विस चुनाव में 50 हजार से अधिक मतों से जीतने वाले अकबर के क्षेत्र में अंतर 6 हजार का रहा था, तानाखार में जरूर कांग्रेस को 63 हजार की लीड मिली और कांग्रेस की कोरबा सीट में जीत का यह बड़ा कारण माना गया था।देखना है कि इस लोकसभा चुनाव में परिणाम क्या आता है?

### छग में जल्द होगा नक्सलवाद का खात्मा...

सीएम विष्णुदेव साय ने दावा किया है कि छ्ग से जल्द ही आतंकवाद पूरी तरह खत्म हो जाएगा। केंद्रीय मंत्रियों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि छ्ग सरकार पर केंद्र के नेताओं ने भरोसा जताया है।पिछले तीन चार महीनों में राज्य में 112 नक्सली मारे गएहैं। 375 ने सरेंडर किया है, 153 गिरफ्तार किए गए हैं। यह सब डबल इंजन सरकार के कारण हो पाया है।छ्ग में सुरक्षा बलों ने लगातार कामयाबी हासिल की है।



### गरियाबंद में मिली बारूदी सुरंग...

गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों ने तीन बारूदी सुरंग बरामद की है। बताया जाता है कि शोभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गरीबा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने तीन बारूदी सुरंग बरामद की है। छग और उड़ीसा की सीमा पर स्थित शोभा थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों की सूचना पर पुलिस दल को कोदोमाली, इचरादि, गरीबा, सहबीनकछार गांव की ओर रवाना किया गया था। सुरक्षा बल के जवान जब क्षेत्र के गरीबा गांव के जंगल में थे तब सुरक्षाबलों को देखकर नक्सली वहां से भाग गए। सुरक्षाबलों ने जंगल से 3-3 किलोग्राम वजनी एक टिफिन बम, दो कुकर बम, अन्य सामानभी बरामद किया। सुरक्षाबलों ने बमों को नष्ट कर दिया है तथा नक्सलियों की खोज की जा रही है।

### और अब बस...

- लोस चुनाव के परिणाम आने के बाद एक प्रशासनिक फेरबदल तय है।
- किस बड़े औद्योगिक संस्थान से भाजपा सरकार के 3 बड़े नेताओं ने अलग अलग चंदा माँगा पर मिला नहीं?



# छत्तीसगढ़ में अब यूपीआई और क्यूआर कोड से होगी शराब बिक्री

**रायपुर, 19 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में अब शराब खरीदने के लिए चिल्हर का झंझट नहीं रहेगा। आबकारी विभाग शराब की बिक्री यूपीआई के जरिए आनलाइन करने जा रहा है। सबकुछ सामान्य रहा तो जून के दूसरे सप्ताह से शराब कैशलेस खरीदी जा सकेगा। पिछली सरकार के समय हुए तीन हजार करोड़ के शराब घोटाले के पीछे नगद खरीदी ही रही है। इसके चलते एक बड़ा सिंडीकेट बना जिसने ओवर रेट पर शराब बेचकर करोड़ों के वारे ने सारे किए। आज इस सिंडीकेट कई किंगपिन जेल में है। इस सिंडीकेट से छत्तीसगढ़ की छवि पर भी दाग लगा। और आबकारी विभाग को राजस्व कि भी हानि उठानी पड़ी। रोजाना प्रदेश में करीब 35 करोड़ की बिक्री मिली जानकारी के अनुसार विभाग व और कारोबार करने वाले मार्केटिंग कंपनी (सीजीएमएससीएल) ने इससे उबरने अब शराब की खरीदी बिक्री को आनलाइन करने की तैयारी पूरी कर ली है। रोजाना प्रदेश में करीब 35 करोड़ की देशी विदेशी शराब पी जाती है। जो नगद में बेची जाती है। अब यह सब कुछ एसबीआई के जरिए यूपीआई से होगा। शराब निगम ने अपनी सभी छह सौ से अधिक दुकानों का अलग अलग यूपीआई अकाउंट बैंक में खोल दिया है। इसके क्यू आर कोड के जरिए शौकीन शराब लेकर पेमेंट आनलाइन कर सकेंगे। फिलहाल यह सिस्टम प्रीमियम दुकानों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया जा रहा है उसके बाद सभी देशी, अंग्रेज़ी शराब दुकानों में भी शुरू किया जाएगा।

### ओवर रेटिंग और चिल्हर की समस्या से निजात

निगम के एमडी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि इससे ओवर रेटिंग और चिल्हर की समस्या भी नहीं रहेगी। दुकानों के कर्मी चिल्हर नहीं है कहकर राउंडफिगर मैं लेकर बड़ी राशि एकत्रित कर आपस में बांट नहीं सकेंगे। वहीं उपायुक्त आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह सिस्टम रेवेन्यू लॉस रोकने में मदद करेगा। और विभाग अपने सालान 11 हजार करोड़ के लक्ष्य को हासिल कर सकेगा। अफसरों के मुताबिक इसके बाद भी यदि अधिक वसूली होती है तो खरीदार टोल फ्री नंबर 14405 पर कॉल कर शिकायत कर सकेंगे।

## पांच माह में विष्णुदेव सरकार ने 16000 करोड़ कर्जा लिया : कांग्रेस

**रायपुर, 19 मई।** कांग्रेस सरकार ने पांच सालों में जनकल्याणकारी योजनाओं में जनता के खाते में सीधे 2 लाख करोड़ रू. डाले थे। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पांच महिने में ही सरकार चलाने वालों को पसीना निकलने लगा है। पांच माह में 16000 करोड़ का कर्जा ले लिया है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम तीन वित्तीय वर्ष में एक रूपये का भी कर्ज नहीं लिया था। जबकि भाजपा की रमन सरकार ने विरासत में 50 हजार करोड़ का कर्जा छोड़ा था। भाजपा अपने वायदे पूरा नहीं कर पा रही है तो पिछली सरकार पर आरोप लगा रही है। जमीनों की रजिस्ट्री के टैक्स में बढ़ोतरी तथा गाईड लाइन की दरों में बढ़ोतरी के साथ शराब के दाम भी बढ़ा दिया गया। उसके बाद भी सरकार का खजाना खाली है। यह सरकार का आर्थिक कुप्रबंधन है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने पांच सालों में राज्य की जनता के ऊपर एक रू. भी अतिरिक्त कर्ज का बोझ नहीं डाला था। बिजली बिल आधा ही आता था, संपत्ति कर में एक रू. की भी बढ़ोत्तरी नहीं की गयी थी, डीजल पेट्रोल के वेट में कटौती की गयी थी। जमीनो के गाईड लाईन में पूरे पांच सालों तक एक रू. की भी बढ़ोत्तरी नहीं की गयी थी। इतनी राहतो के बावजूद कांग्रेस सरकार से जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता में रखा। गोधन न्याय योजना के माध्यम से लगातार लोगो की सहायता की गयी। इसके बावजूद छत्तीसगढ़ की आर्थिक स्थिति मजबूत रही।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने छत्तीसगढ़ में वित्तीय अनुशासन और कुशल प्रबंधन का कीर्तिमान स्थापित किया। अर्थव्यवस्था के तीनों सेक्टर कृषि, सेवा और उत्पादन के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के दौरान 2018 से 23 तक छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर रहा है।

### गुढ़ियारी बिजली आफिस अग्निकांड में 50 करोड़ का नुकसान, जांच समिति ने एचआर को सौंपी रिपोर्ट

**रायपुर, 19 मई।** राज्य विद्युत वितरण कंपनी के गुढ़ियारी स्थित गोदाम में अग्निकांड की रिपोर्ट जांच समिति ने सौंप दी है। पांच अप्रैल को अग्निकांड घटना के बाद छह सदस्यीय समिति ने लगभग 50 करोड़ रुपये नुकसान का आंकलन किया है। साथ ही घटना के जिम्मेदारों के विषय में भी टिप्पणी की है। अधिकारियों के मुताबिक रिपोर्ट के आधार पर सभी पहलुओं पर विचार करते हुए घटना के जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की जाएगी।

गोपनीय रिपोर्ट में यह जिक्र है कि आगजनी पूर्वनियोजित नहीं बल्कि सुरक्षा में लापरवाही का नतीजा है। इसकी वजह से गोदाम में रखे ट्रांसफार्मर पूरी तरह खाक हो गए। जांच समिति की यह रिपोर्ट कंपनी के प्रबंधक एचआर को प्रस्तुत की गई है।

## परशुराम की शोभायात्रा में शामिल हुए हजारों विप्र



**रायपुर, 19 मई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा घोषित भगवान परशुराम पखवाड़ा के अंतर्गत पूरे प्रदेश में शोभा यात्रा का धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग ब्राह्मण समाज द्वारा अग्रसेन भवन से आयोजित भव्य शोभायात्रा में प्रदेश के सभी ब्राह्मण समाज पूरे जोश खरोश के साथ शामिल हुए। शोभा यात्रा अग्रसेन भवन से गाजे बाजे के साथ स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, सदर, गंजपारा होते हुए ब्राह्मण समाज भवन में भोजन प्रसादी के साथ समापन हुआ। यात्रा के दौरान फरसा और तलवार के साथ समाज के लोगों का शस्त्र शौर्य प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा, वहीं भगवान परशुराम जी की झांकी, सुसज्जित घोड़े, बग्गी, पंथी नृत्य, धुमाल बैंड, व डीजे ने शोभायात्रा की शान बढ़ा दिया था। रास्ते भर विभिन्न संगठन व समाज के लोगों ने स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा की। पुष्प माला, शरबत, मीठा, जूस, आइसक्रीम के साथ स्वागत किया। महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने पार्षदों सहित जोरदार स्वागत किया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, उप प्रांत अध्यक्ष लेखमणि पांडे, प्रदेश सांस्कृतिक अध्यक्ष जेपी शर्मा, राष्ट्रीय युवा मंच महासचिव विक्रांत शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता पीयूष पांडे, प्रदेश सचिव नीरज शर्मा, सहित प्रदेश भर से हजारों की संख्या में विप्रोजन शामिल हुए।

## धान की खेती करने वाले किसानों को खरपतवार से मिली मुक्ति

**रायपुर, 19 मई।** छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए एक खुशखबरी है। अब उन्हें खेतों में स्वतः उगने वाले खरपतवार एवं अवांछित जंगली पौधों से धान की मुख्य फसल को होने वाला नुकसान नहीं झेलना पड़ेगा। सवाना सीड्स और एडमा इंडिया ने धान की मुख्य फसल के साथ खेतों में स्वतः उगने वाले जंगली पौधों से निजात दिलाने के लिए निरंतर शोध और परीक्षण के बाद किसानों को फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन की सौगात दी है। बेमेतरा में क्षेत्र के एक हजार से अधिक स्थानीय किसानों की उपस्थिति में 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन को लॉन्च किया गया। धान की खेती की यह नई तकनीक किसानों के लिए कई मायनों में काफी लाभकारी है।

फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन किसानों को खेती की लागत में प्रति एकड़ 6000 रुपये तक बचाएगा और पैदावार 25-40 प्रतिशत तक बढ़ाएगा। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी 25-30 प्रतिशत की कमी आएगी। यह राज्य में 60 लाख हेक्टेयर से भी अधिक जमीन पर धान की सीधी बुआई या धान की रोपाई के लिए डीएसआर विधि का उपयोग करने वाले किसानों के लिए एक वरदान है।




फसल सुरक्षा उत्पाद बनाने वाली अग्रणी वैश्विक कंपनी सवाना सीड्स ने एडमा इंडिया के सहयोग से भारतीय बाजार में फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन लॉन्च किया है और किसानों तक इसका अधिक-से-अधिक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआईके अध्यक्ष सह सवाना सीड्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अजय राणा ने इसके दूरगामी परिणामों की चर्चा करते हुए कहा, फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन खरपतवार प्रबंधन की महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान करके धान की खेती में क्रांति लाएगा। यह न केवल किसानों की आय में वृद्धि करता है, बल्कि पानी का संरक्षण भी करता है। फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन कई मायनों में लाभ प्रदान करता है।

## आवश्कता है

**शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।**

**संपर्क करें -98261 74789**




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26